CMYK

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 7 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने की फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग पेज 2



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका खेल टाइम्स



चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस सम्पादकीय



अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी पेज 12

# 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार-बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत 'प्रजनन अधिकारों' की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डाक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने 'प्रजनन स्वायत्तता' को दी प्राथमिकता**



### दल-बदल मामला: तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को दी अवमानना की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर 'सकारात्मक' रूप से निर्णय लें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई,वार्ता

**आरबीआई ने** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसम्बर में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती की गई थी। रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।



- ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी
- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

### लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**मुंबई।** बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजैक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। आरबीआई ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। शुक्रवार को एमपीसी)0 की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में धमाका, 31 मरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव पाक की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के -शेष पृष्ठ दो पर

- जुमे की नमाज के दौरान हुआ हमला
- फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ाया

# उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर बारात की बस गहरी खाई में गिरी, 13 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** जनपद पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में गुरुवार (5 फरवरी) को देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए।

घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बस बारात को लेकर बैतड़ी से बजांग जा रही थी। गुरुवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचूंणी नगरपालिका भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी, प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि गुरुवार रात के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी व स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में 6 बारातियों की घटनास्थल में ही मौत हो गई थी।5 बारातियों की डडेलधुरा अस्पताल में और 2 बारातियों की कोटिला अस्पताल में मौत हो गई। साथ ही घायलों में कुछ और बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में बस चालक सामान्य घायल बताया जा रहा है। घायल बस चालक कंचनपुर के भीमदत्त नगरपालिका 7 निवासी विरेंद्र बुढ़ा को प्रहरी ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रथमदृष्ट्या में बस दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरलोडिंग वर बस ओवरलोडिंग के कारण चढ़ाई में नहीं चढ़ पाना बताया जा रहा है। घायल बारातियों का डडेलधुरा अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है, जबकि गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनगढ़ी भेजा गया है।

- 34 लोग घायल, कई की हालत गंभीर, गुरुवार देर रात हुआ हादसा

### दुर्घटना में मरने वालों के नाम

केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी, बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), (ये सभी बजांग बित्थड चीर गांव पालिका 7 निवासी), मोहन देव भट्ट (60), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, केशव भट्ट (27), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, बसंत राज रतला (40), निवासी बजांग जय पृथ्वी नगर पालिका 7. पुष्पा अवस्थी (40), निवासी बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7. सुशील जोशी, बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7 निवासी

## संक्षिप्त समाचार

### युवराज मौत मामला : हाईकोर्ट ने दिया बिल्डर अभय कुमार की रिहाई का आदेश

**प्रयागराज।** उप्र के नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गडढे में गिरने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार बिल्डर अभय कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सिद्धार्थ और न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अभय कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध घोषित किए जाने तथा अवैध हिरासत से मुक्त करने की मांग की थी।

### आंतरिक रिक्ति के लिए आईपीएस मीणा का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उसी चयन वर्ष के लिए राजस्थान कैडर में एक आंतरिक रिक्ति के आवंटन की मांग की थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के विलंबित दावों पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कैडर आवंटन की व्यवस्था को अस्थिर कर देंगे।

# जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

जब पीठ ने मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा व्यक्त की, तो याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और उच्च न्यायालय में अपील करने की स्वतंत्रता मांगी। उन्हें यह स्वतंत्रता प्रदान करते हुए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। इस रिट याचिका को संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दायर किया गया था।

- बिहार में नए सिरे से चुनाव कराने की थी मांग

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप

### इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। मुठभेड़ बीजापुर और महाराष्ट्र के बॉर्डर में हुई है।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सुरक्षाबलों की टीम संयुक्त रूप से शामिल हैं। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों की मौजूदगी के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई। जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं।

- महाराष्ट्र का एक जवान शहीद

# धामपुर में फर्जी आईबी डिप्टी कमिश्नर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का डिप्टी कमिश्नर बताकर बिजनौर जनपद के पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक सरकारी अधिकारियों के अमले पर रौब गांठने वाले शातिर व्यक्ति को मेरठ एसटीएफ ने धामपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम त्रिलोकवाला, थाना नगीना के रूप में हुई है। वह नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास बीते करीब पांच वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था।

शासन स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी लगातार खुद को आईबी का बड़ा अधिकारी बताकर अधिकारियों पर अपने पक्ष में कार्रवाई कराने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद मेरठ एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धामपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। फिलहाल आरोपी से कोतवाली में पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 24 दिसम्बर को मनोज की पत्नी अपर्णा का ईदगाह के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मनोज ने खुद को आईबी का डिप्टी कमिश्नर बताते हुए बिजनौर के आला पुलिस अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर



- एसटीएफ मेरठ ने किया खुलासा, पुलिस अफसरों और नेताओं पर रौब गांठ कर वर्षों से बनाता रहा दबाव, नेटवर्क खंगाल रही एसटीएफ

### दवाइयों का होलसेल कारोबार, डाक्टरों से भी जान-पहचान

बताया जा रहा है कि मनोज गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास गली में स्थित रिटायर्ड कानूनगो के मकान मे किराए पर रहता था। दवाइयों का होलसेल कारोबार करता था। धामपुर के कई निजी चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों से उसके संपर्क थे। चिकित्सकों से भी वह खुद को आईबी अधिकारी बताकर जान-पहचान बनाता था, जिससे उसका रौब और प्रभाव बना रहता था।

### खुफिया तंत्र पर उठे सवाल

पिछले पांच वर्षों से धामपुर में रह रहे मनोज की पत्नी स्थानीय एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी और उसका मायका भी धामपुर क्षेत्र के एक गांव में बताया जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और जिले का खुफिया विभाग उसकी गतिविधियों को समय रहते पकड़ नहीं सका। गैर जनपद मेरठ से आई एसटीएफ टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका। एसटीएफ आरोपी के नेटवर्क, लेन-देन और संपर्कों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने किन-किन मामलों में फर्जी अधिकारी बनकर दबाव बनाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# दिल्ली: सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए पाठशाला को जनआंदोलन में बदलने का आह्वान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को अब वास्तविक और जमीनी जनआंदोलन में बदलना होगा। तभी शोषित-वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की शिक्षा-विरोधी सोच के कारण प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कराया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा जानती है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है, जो उसकी दकियानूसी, रूढ़िवादी और संकीर्ण सोच के लिए खतरा है। इसी वजह से भाजपा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान के खिलाफ रहती है और उसके संगी-साथी बच्चों को एकरंगी नकारात्मक विचारधारा में ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा और तालीम का अधिकार छीनना एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए समाज को ही उठाना पड़ेगा।

### योगी ने लता को पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर-साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता मंगेशकर का अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति उनका आजीवन समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनकी मधुर वाणी और संगीत साधना सदैव हमारे हृदयों में जीवंत रहेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

# प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही बोलेगा अपशब्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है, तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है, जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिए गए जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल, 75 साल, 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं,



**हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की ताकत नहीं: खड़गे**

जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अपमान किया था। दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है। मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डा. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। खड़गे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा ष्वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है। जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। अमित शाह हो या राजनाथ सिंह सभी ने बार-बार किताब न होने की बात की, लेकिन असलियत में किताब मौजूद है। जब नरवणे जी की किताब के बारे में राहुल गांधी ने संसद में बोला, तो पूरे सत्ता पक्ष को जाने क्यों बुरा लगा।

# 'घूसखोर पंडत' पर लगे प्रतिबंध: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' में 'पंडित' शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि फिल्म में 'पंडित' को 'घुसपैठिया' बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को



नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बसपा प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि सामाजिक तनाव को रोका जा सके। मायावती ने कहा कि संविधान सभी वर्गों को सम्मान और समानता का अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की अपील की।

### पदाधिकारियों की अहम बैठक आज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी।

# यूपी में दावे व आपत्तियों की तारीख एक महीने बढ़ी

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में एसआईआर पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने तक बढ़ा दी गई है। अब 6 फरवरी की जगह 6 मार्च तक फॉर्म-6 और फॉर्म-7 जमा करवाया जा सकता है। नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, इसके बाद 10 अप्रैल को इलेक्शन कमीशन की तरफ से फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। घर-घर जाकर बीएलओ की तरफ से गणना का काम 4 नवंबर से शुरू किया गया था, फिर 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया कि राजनीतिक दलों और नागरिकों की अपील पर चुनाव आयोग ने समय बढ़ाने का निर्णय

**अब 10 अप्रैल को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट: रिणवा**

लिया है। हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से सटीक और समावेशी बने। पहले दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी में समाप्त हो रहा था, लेकिन अब यह मार्च तक बढ़ा दिया गया है। विसंगतियों और नोटिस के जवाब का निपटारा 27 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विदेश में रह रहे नागरिक भी फॉर्म 6। भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में देश की सबसे बड़ी मतदाता संख्या है। यहां लगभग 15 करोड़ से अधिक वोटर हैं है। एसआईआर 2026 की प्रक्रिया पिछले साल से चल रही है। एसआईआर का उद्देश्य पुरानी सूचियों से लिंकिंग, डुप्लीकेट नाम हटाना और नई एंट्रीज को सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सभी दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे

# चुनाव से पूर्व यूपी भाजपा में अंतर्विरोधों की आहट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर उभरते विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। जनप्रतिनिधियों बनाम अधिकारियों और सरकार बनाम संगठन के बीच खिचती रेखा अब सार्वजनिक बहस का विषय बनती जा रही है। 30 जनवरी को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और स्थानीय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच सड़क पर हुआ तीखा विवाद इसी अंतर्विरोध का ताजा उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इसे मामूली घटना बताया, लेकिन सियासी गलियारों में इसे सत्ता और संगठन के बीच असंतुलन की एक



**सरकार-संगठन के बीच खिंचती रेखा बनी चुनौती, विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ाई**

कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के भीतर अनुशासन की दीवार में दरार दिखाई दी हो। बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जब जनप्रतिनिधियों की महत्वाकांक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया। इससे पहले जुलाई 2022 में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक द्वारा अधिकारियों पर उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देना, इसी बेचैनी का बड़ा संकेत था। हालांकि बाद में मामला संभाल लिया गया, लेकिन तब यह संदेश साफ चला गया कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी के भीतर कलह खुलकर सामने आई थी। मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच चली तीखी जुबानी जंग का असर कई सीटों पर पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने खुले तौर पर अपनी हार के लिए पार्टी के ही मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर सियासी तापमान और बढ़ा दिया।

### खींचतान खुलकर आने लगी सामने

उत्तर प्रदेश की सियासत में सत्ताधारी भाजपा के भीतर ही नहीं, बल्कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंत्रियों के बीच भी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और अनिल राजभर के बीच बढ़ते टकराव का है, जो अब सार्वजनिक मंचों तक पहुंच गया है। दोनों नेता न सिर्फ एक ही जाति से आते हैं, बल्कि एक ही इलाके के निवासी हैं और योगी सरकार में कैबिनेट स्तर के मंत्री भी हैं। लंबे समय से चली आ रही आपसी अदावत अब तीखी बयानबाजी में बदलती दिख रही है। कुछ दिन पहले अनिल राजभर एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी पीला गमछा पहने कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे नाराज मंत्री अनिल राजभर ने नारेबाजी कर रहे लोगों को ओम प्रकाश राजभर का समर्थक बताते हुए कहा कि जैसा इनका नेता चोर है, वैसे ये भी चोर हैं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने अनिल राजभर पर पलटवार करते हुए कहा कि उंगली उठाने वाले 23 साल पहले लोहे की दुकान चलाते थे और चोरी करते थे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83580.40
निफ्टी 25693.70



सोना 151489
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश



चांदी रु. 241184
प्रति किलो



# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़



गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकावाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे।

# चांदी सस्ती, सोना भी 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर न केवल निवेशकों की नजर है, बल्कि शादी-ब्याह के सीजन के बीच आम खरीदार भी उहापोह में हैं। चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। आज फिर से मुनाफावसूली देखी गई है। हालांकि निवेशकों ने खरीदारी पर भी फोकस किया है। आज लखनऊ में सोने की कीमत की बात करें तो 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोने का दाम 1,39,800 रुपये/10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का दाम 1,14,310 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। वहीं, भागलपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट टूटकर 4,153 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.68 प्रतिशत की गिरावट में 55.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 28 रुपये और वनस्पति 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 51 रुपये और पाम ऑयल की 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 25 रुपये और सोया तेल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इस्लामाबाद की ...**

प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए। सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमएस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और यूएसयूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

**भारत ने...** शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। आस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज-भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकार्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जार्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा था।

**धामपुर में....** को फोन कर दबाव बनाया। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा बताने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च स्तर पर संदेह होने पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। मेरठ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि धामपुर में रह रहा एक व्यक्ति खुद को आईबी अधिकारी बताकर सरकारी कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की और शुक्रवार देर शाम उसे दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और संपर्कों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं को भी फोन कर खुद को आईबी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। इस रौब के सहारे वह कई बार अपने काम निकलवाने की कोशिश करता रहा। उसकी शातिराना कार्यप्रणाली के चलते मोहल्ले के लोग भी उसकी असल पहचान से अनजान रहे। एसटीएफ ने बताया कि मनोज कुमार एमएससी पास है और उसकी बोलने की शैली काफी प्रभावशाली है। वह लोगों के काम कराने का भरोसा दिलाकर अधिकारियों पर दबाव बनाता था। सरकारी कार्यालयों में खुद को आईबी अधिकारी बताकर वह अपने काम निकलवाने की कोशिश करता था। सर्विलांस डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा था। पत्नी की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद उसने अधिकारियों पर काफी दबाव बनाया था।

# आवारा कुत्तों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

## हर जिले में बनेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर, जिला मुख्यालयों पर भी जमीन की जा रही चिन्हित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर जिले में शेल्टर होम और एबीसी सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर जल्द से जल्द ये केंद्र शुरू किए जाएं। शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

योगी सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाई एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही गाइडलाइंस जारी की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व



स्थायी तरीके से करने का आदेश दिया था। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रति शेल्टर होम 470 लाख से 531 लाख रुपये तक लागत आएगी। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाई की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर और फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है।

# सीमाओं के साथ संस्कृति की रक्षा भी जरूरी: राजनाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** तीर्थनगरी हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र स्थित भारत माता मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय भव्य समारोह का शुक्रवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर समाधि मंदिर एवं प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया।

समारोह के समापन अवसर पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज सहित अनेक संत-महात्मा एवं गणमान्य अतिथियों ने गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में देशभर से



■ आधुनिकता और संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक : राजनाथ, ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना
■ समारोह में शामिल हुए रक्षा मत्री, केंद्रीय मंत्री खट्टर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज व हरिद्वार सांसद रहे मौजूद

संत-महात्मा, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक नेतृत्व उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र चेतना, सनातन संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा तथा मानव सेवा जैसे विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गंगा तट पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने मां गंगा को नमन करते हुए ऋषि-मुनियों की स्मृतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनकी साधना, विचार और जीवन दर्शन आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा उनके जीवन मूल्यों और विचारधारा को पुन: जागृत करने का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हरिद्वार केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। यहीं से भारतीय संस्कृति की अखंड धारा प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक जड़ों की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। यदि संस्कृति कमजोर होती है तो राष्ट्र भी कमजोर हो जाता है। उन्होंने सनातन संस्कृति, अद्वैत वेदांत, भक्ति परंपरा और गुरु-शिष्य संवाद को भारत की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता और संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। तकनीकी ज्ञान के साथ संस्कार जुड़ जाएं तो राष्ट्र को कोई भी कमजोर नहीं कर सकता। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए देश की अखंडता, संप्रभुता और गौरव की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, कार्ष्णि पीठाधीश्वर स्वामी गुरु शरणानंद महाराज, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक, हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', विधायक प्रेमचंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज ने एक विशिष्ट जीवन दर्शन प्रस्तुत किया: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज ने आध्यात्मिक साधना को समाज सेवा से जोड़कर एक विशिष्ट जीवन दर्शन प्रस्तुत किया। भारत माता मंदिर की स्थापना के माध्यम से उन्होंने राष्ट्र प्रेम और सांस्कृतिक गौरव को मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति और विरासत को वैश्विक पहचान मिल रही है तथा उत्तराखंड विकास और विरासत के संतुलन के साथ आगे बढ़ रहा है।

### सनातन परंपरा के सशक्त ध्वजवाहक थे स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि: योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि सनातन परंपरा के सशक्त ध्वजवाहक थे। करुणा, मैत्री और राष्ट्रभक्ति उनके जीवन के मूल मूल्य थे। उन्होंने भारत माता मंदिर को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह मंदिर जाति, क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से ऊपर उठकर संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधता है।

## मॉल में देखी फिल्म और किए राष्ट्रपति आशियाने के 'दीदार'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ जिलाधिकारी सविन बंसल की अनूठी पहल
■ नारी निकेतन व बालिका निकेतन की बालिकाओं को कराया एक्सपोजर विजिट

**देहरादून।** देहरादून जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल ने राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र (नारी निकेतन) और बालिका निकेतन की महिलाओं व बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

जिलाधिकारी सविन बंसल के मार्गदर्शन में आयोजित 'विशेष एक्सपोजर विजिट' के जरिए इन्हें न केवल मनोरंजन, बल्कि समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आत्मविश्वास भी मिला।नारी निकेतन की महिलाओं को क्रॉसरोड मॉल में हालिया रिलीज देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर-2' दिखाई गई। फिल्म के साथ-साथ उन्होंने मॉल के विभिन्न प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया और स्थानीय रेस्टोरेंट में दोपहर के स्नेहपूर्ण भोजन का आनंद लिया।

वहीं, बालिका निकेतन की बच्चियों को सिल्वर सिटी और पैसिफिक मॉल के भ्रमण के साथ-साथ राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन की ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराया गया। बालिकाओं के लिए यह दिन शैक्षिक और व्यावहारिक ज्ञान के लिहाज से बेहद खास रहा।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल भ्रमण नहीं, बल्कि इन महिलाओं और बालिकाओं को मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना है।

उन्होंने कहा, ष्यदि इन्हें सम्मान और स्नेह मिले, तो इनका पुनर्वास अधिक प्रभावी और स्थायी हो सकता है।

प्रशासन भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखेगा।इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, अधीक्षिका सोनल राणा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## धामी व योगी ने किया इंटर कॉलेज के भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून /यमकेश्वर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित दो मंजिला भवन का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों ने प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने बीते 4 वर्षों में 28 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने सीएम योगी को सुरक्षा और सुशासन का प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि इसी मिट्टी में शिक्षा पाकर आज वे देश का नेतृत्व कर रहे हैं।कार्यक्रम के



दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों ने विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया और एसएसपी सर्वेश पंवार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**पलायन रोकने में शिक्षा की अहम भूमिका: योगी**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जोर देते हुए कहा कि भौतिक विकास मात्र एक साधन है, असली लक्ष्य संस्कारयुक्त शिक्षा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से गांवों का कायाकल्प होगा, जिससे पलायन पर अंकुश लगेगा। उन्होंने शिक्षकों से पठन-पाठन की गुणवत्ता को उच्चस्तरीय बनाए रखने का आह्वान किया।वही त्रिवेंद्र सिंह रावत (सांसद) ने बेहतर भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विद्यालय के प्रांतीयकरण की प्रक्रिया पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। रेनू बिष्ट (विधायक) ने विद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने और प्रांतीयकरण की मांग उठाई।

## स्कूली परीक्षा चुनौती नहीं, बल्कि परिपक्व होने का एक पड़ाव: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण से जुड़ा है। यह आयोजन अब केवल संवाद नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री का संदेश हमें यह सिखाता है कि परीक्षा जीवन की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन सम्पूर्ण जीवन नहीं।

मुख्यमंत्री ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी निरंतर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक अवसर है, जिसमें छात्र एक योद्धा की तरह पूरे



आत्मविश्वास, धैर्य और शांति के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना ही काबिलियत नहीं, जीवन में और भी अनेक लक्ष्य होते हैं।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ने तथा परीक्षा के दबाव से मुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनकी तुलना दूसरों से न करें।

संदर्भित है कि परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत देशभर में चार करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पंजीकरण किया है, जिससे पूर्व का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है।

■ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी, परीक्षा पर चर्चा अब राष्ट्रीय आंदोलन
■ मुख्यमंत्री ने नेशविला रोड स्थित सेंट एंग्नेस स्कूल में प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

उत्तराखंड राज्य से इस वर्ष लगभग 7 लाख विद्यार्थी, 53 हजार से अधिक शिक्षक एवं 14 हजार से अधिक अभिभावक जुड़े हैं, जबकि गत वर्ष यह संख्या 2 लाख 98 हजार विद्यार्थियों तक सीमित थी।

राज्य के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 10 प्रेरक वीडियो में से एक वीडियो राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है, जो राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाला कुराली, विकासखंड जखोली, जनपद रुद्रप्रयाग के छात्र रोहन सिंह राणा द्वारा तैयार किया गया है। रोहन सिंह राणा को प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में दिल्ली आमंत्रित किया गया है, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।


कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूस्खलन पूर्वानुमान प्रणाली को सशक्त बनाने पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 से 06 फरवरी, तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूएलएमएमसी द्वारा विश्व बैंक तथा नार्वेयन जियो टेक्निकल इंस्टीट्यूट के सहयोग से किया गया।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश के विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों ने उत्तराखण्ड में भूस्खलन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों एवं आधुनिक तकनीकों पर विचार-विमर्श किया। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उत्तराखण्ड एवं संपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में आपदा-सक्षम एवं जोखिम-संवेदनशील विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त आधार तैयार हुआ। समापन के अवसर पर विश्व बैंक पोषित यू-प्रिपेयर परियोजना के निदेशक श्री आनंद स्वरूप ने



■ यूएलएमएमसी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

प्रशिक्षण में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि उत्तराखण्ड जैसे भूस्खलन-संवेदनशील हिमालयी राज्यों में भूस्खलन पूर्वानुमान प्रणाली, प्रारंभिक चेतावनी तंत्र तथा आधुनिक भू-तकनीकी जांच प्रयोगशाला की स्थापना आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन वैज्ञानिक अवसंरचनाओं के माध्यम से भूस्खलन जोखिमों की पूर्व पहचान, समयबद्ध चेतावनी तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय-निर्माण को सुदृढ़ किया जा सकता है। विभिन्न सत्रों के दौरान यह बताया गया कि भूस्खलन पूर्वानुमान के लिए वर्षा-आधारित थ्रेशहोल्ड मॉडल, ढाल स्थिरता विश्लेषण, भू-वैज्ञानिक एवं भू-आकृतिक मानकों तथा संख्यात्मक मॉडलिंग का प्रभावी उपयोग किया जाना आवश्यक है। दीर्घकालिक एवं रियल-टाइम डेटा के एकीकरण से भूस्खलन आशंका एवं संवेदनशीलता मानचित्रों को अधिक सटीक बनाया जा सकता है, जिससे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में समय रहते एहतियाती कदम उठाए जा सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन दिवस को यूएलएमएमसी दिवस के रूप में समर्पित किया गया। कार्यक्रम के अंत में यूएलएमएमसी द्वारा अपने वर्तमान दायित्वों, संगठनात्मक संरचना, प्रमुख उपलब्धियों एवं भावी दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया गया तथा संस्थागत मजबूती, वित्तीय मॉडल एवं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समापन के अवसर पर विश्व बैंक पोषित यू-प्रिपेयर परियोजना के निदेशक श्री आनंद स्वरूप, उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, श्री हाकोन हेयर्डाल, डॉ. जीन-सेबास्टियन लह्यूरू, सुश्री हाइडी हेफ्रे, डॉ. माल्टे फोगे, डॉ. स्पर्शा नागुला तथा डॉ. डोमिनिक लैंग आदि देसी-विदेशी वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## बजट की बारीकियों को समझेंगे देश के युवा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं को देश की अर्थव्यवस्था और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'माय भारत बजट क्वेस्ट-2026' का आगाज हो गया है। इस राष्ट्रीय पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट की बारीकियों से अवगत कराना और राष्ट्रीय आर्थिक विमर्श में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की उप निदेशक मोनिका नांदल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का पहला चरण एक ऑनलाइन क्विज होगा।

क्विज के बाद प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से चयनित विजेताओं को 17 फरवरी से 3 मार्च के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।12 मार्च के बाद राज्य स्तर के विजेताओं को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

## आवास और शहरी विकास विभाग में सुधार पर केंद्र से 264 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मंजूर

■ मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व वाले गुड गवर्नेंस मॉडल को केंद्र सरकार ने फिर सराहा



उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार के सभी दिशा निर्देशों को पूरी निष्ठा के साथ अमल में लाने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आवास और शहरी विकास विभाग में किए गए रिफार्म पर 264.5 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत हुई है, इससे पहले खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों के लिए भी केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है। उत्तराखंड गुड गवर्नेंस का एक आदर्श मॉडल बनकर सामने आया है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड'**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शहरी विकास और आवास विभाग के स्तर से लागू किए गए विभिन्न सुधारों के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 264.5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने राज्यों को शहरी विकास और आवास विभाग से संबंधित विभिन्न नीतिगत सुधारों को लागू करने को कहा था। इन सुधारों को लागू करने के क्रम में मंत्रालय ने उत्तराखंड को स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2025-26 के क्रम में कुल 264.5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। इसमें शहरी विकास विभाग को जीआईएस आधारित यूटिलिटी मैपिंग के लिए 03 करोड़, सरकारी जमीनों और भवनों की मैपिंग के लिए 6.5 करोड व निकायों के स्तर पर आय के स्रोत बढ़ाने के लिए 10 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है।

**आवास विभाग के प्रयास सफल:** मंत्रालय ने सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि आवास विभाग के अधीन लागू किए गए सुधारों के लिए स्वीकृत की है। अरबन लैंड एंड प्लानिंग रिफार्म के तहत उत्तराखंड आवास विभाग ने टाउन प्लानिंग स्कीम और लैंड पूलिंग स्कीम के नियम लागू किये थे, जिसके लिए मंत्रालय ने 100 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि आवास विभाग मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, उत्तराखंड के हर नागरिक को आवास उपलबध कराने के साथ, उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों मे बनाने लिए प्रतिबद्धत है।

## बांस आधारित उत्पादों को प्रदेश में किसानों से जोड़ा जाएगा: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से आज उनके शासकीय आवास पर हाउस ऑफ स्वाशा ब्रांड (निजी संस्था) की सह-संस्थापक स्वाति खंडूरी डिमरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर स्वाति खंडूरी डिमरी ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को हाउस ऑफ स्वाशा ब्रांड के अंतर्गत बांस से निर्मित परिधान भेंट किए।

भेंट के दौरान स्वाति खंडूरी डिमरी ने हाउस ऑफ स्वाशा द्वारा किए जा रहे सस्टेनेबल एवं इको-फ्रेंडली फैशन के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रांड 100 प्रतिशत प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग करते हुए नैतिक उत्पादन और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य कर रहा है। ब्रांड की नई पेशकशों में बांस रेंज के क्लासिक फिट टॉप्स और बांस से बने मोजे, साथ ही प्रीमियम ऑर्गेनिक कॉटन पुरुष कलेक्शन शामिल हैं। ये सभी परिधान 100 फीसदी ऑर्गेनिक और प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए गए हैं, जो अधिकतम आराम के साथ पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करते हैं।

कृषि मंत्री जोशी ने हाउस ऑफ स्वाशा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बांस आधारित उत्पादों को प्रदेश में किसानों से जोड़ा जाएगा, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी बांस से बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए



■ कृषि मंत्री जोशी से हाउस ऑफ स्वाशा की सह-संस्थापक ने की भेंट, बांस से निर्मित परिधान किए भेंट

विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बांस उत्पादन, उसके बहुउपयोगी लाभों तथा सस्टेनेबल उद्योगों को प्रोत्साहित एवं बढ़ावा देने के लिए भी बांस आधारित उत्पादों का प्रयोग राज्य में भी किया जाएगा, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## उत्तराखंड में भी शुरू होगी सहकारिता आधारित भारत टैक्सी सेवा: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में सहकारिता आंदोलन को एक नई और सशक्त दिशा देते हुए राज्य में शीघ्र ही सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा की शुरुआत की जाएगी। यह जानकारी उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। उन्होंने बताया कि यह पहल केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की 'भारत टैक्सी' सेवा से प्रेरित है, जिसका शुभारंभ गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता के तहत नई पहल करते हुये 'भारत टैक्सी' योजना का शुभारंभ किया, जिसमें टैक्सी चालकों को केवल चालक नहीं बल्कि वाहन और सेवा का वास्तविक स्वामी बनाया गया है। इस सहकारी मॉडल का उद्देश्य बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों की तरह कमीशन आधारित पूंजी निर्माण नहीं, बल्कि



■ ड्राइवर को मिलेगा पूर्ण स्वामित्व, सुरक्षा और सम्मान

सारथियों को उनके मुनाफे का अधिकार देकर उनकी आय, सुरक्षा और आत्मसम्मान को सुदृढ़ करना है।

**उत्तराखंड में सहकार टैक्सी की अपार संभावनाएं:** सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ-साथ अब तेजी से पर्यटन, तीर्थाटन और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और शांत वातावरण के कारण देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया किचारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं, जबकि पिछले वर्ष एक आंकड़े के अनुसार 4 करोड़ से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक राज्य में पहुंचे, जो अब तक का रिकॉर्ड माना जा रहा है।

इन पर्यटकों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल रहे। डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड के धार्मिक, पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार प्रमोट किया जा रहा है, जिससे राज्य में तीर्थाटन, पर्यटन और डेस्टिनेशन वेडिंग के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे परिदृश्य में सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा उत्तराखंड के लिए आर्थिक, सामाजिक और रोजगार सृजन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।

### शीघ्र ही विस्तृत रोडमैप तैयार कर सहकार टैक्सी योजना को धरातल पर उतारा जाएगा

सहकारिता मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित सहकार टैक्सी योजना के अंतर्गत सारथी भाई-बहनों के लिए स्वामित्व, सुरक्षा, सामाजिक कवच और सम्मान को केंद्र में रखकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "सहकारिता आधारित टैक्सी योजना को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। शीघ्र ही इसका विस्तृत रोडमैप तैयार कर उत्तराखंड में सहकार टैक्सी योजना को धरातल पर उतारा जाएगा।" डॉ. रावत ने यह भी बताया कि इस योजना को चार पहिया, तीन पहिया और दो पहिया टैक्सी वाहनों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ पर्वतीय और ग्रामीण इलाकों में भी स्थानीय युवाओं और चालकों को सीधा लाभ मिलेगा। सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा से न केवल टैक्सी चालकों को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि यह योजना उत्तराखंड में बढ़ते पर्यटन, चारधाम यात्रा व वेडिंग डेस्टिनेशन गतिविधियों को भी संगठित व आत्मनिर्भर सहकारी ढांचे से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

# मेयर ने गिनाई एक साल की उपलब्धियां

## काशीपुर नगर निगम ने एक साल में विकास की नई इबारत लिखी: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**काशीपुर।** नगर निगम महापौर के रूप में अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आज यहां नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर दीपक बाली ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन, सहयोग से काशीपुर नगर निगम ने बीते एक वर्ष में विकास की नई इबारत लिखी है। महापौर दीपक बाली ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 7 फरवरी 2025 से 7 फरवरी 2026 के बीच नगर निगम ने सेवा, विकास और विश्वास के मंत्र के साथ शहर को आधुनिक, स्वच्छ और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस और परिणामकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने विकास के क्षेत्र में शहर की जनता के साथ-साथ मीडिया द्वारा दिए गए सहयोग की काफी प्रशंसा की। आईजीएल और नैनी पेपर मिल सहित जिन औद्योगिक इकाइयों ने शहर के विकास में आर्थिक मदद दी, महापौर ने उनका भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि काशीपुर विकास की जिस पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है उसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री धामी को जाता है और उनकी दूरदर्शी सोच और निरंतर सहयोग से ही सब कुछ संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम काशीपुर ने 1 वर्ष में 792 सड़कों को धरातल पर उतारने का काम किया है और इस 1 वर्ष की अवधि में 121 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं साथ ही करोड़ों रुपए की बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1139 पात्र परिवारों को आवास का लाभ दिया गया है, जबकि पीएमएवाई शहरी 2.0 में आवेदनों की संख्या में 78 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया। नागरिक सुविधाओं पर जोर देते हुए शहर में हाई-टेक शौचालय, महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, 5000 नई स्ट्रीट लाइट, तीन नए बस स्टॉप तथा संपत्ति दाखिल-खारिज शुल्क में राहत जैसे फैसले लिए गए, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिला। इसके अलावा उन्होंने आरोग्य केंद्र, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के लाभ के बारे में जानकारी दी। आगामी योजनाओं में शहर में 8 चौराहों का सौंदर्यीकरण, हाई-टेक मार्केट, नगर निगम कॉम्प्लेक्स, वेंडिंग जोन, डॉग शेल्टर, गिरिताल झील परियोजना, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन और शहरी हरित क्षेत्रों के विकास जैसी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं की जानकारी दी। इस दौरान शशांक और भाव्या द्वारा 1 वर्ष के विकास कार्यों का प्रजेंटेशन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा ने भी नगर निगम की उपलब्धियां गिनाते हुए इनके लिए महापौर को बधाई दी। संचालन राजस्व एवं कर अधीक्षक अनिरुद्ध गौड द्वारा किया गया। उर्वशी दत्त बाली, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चंद्रप्रभा, सांसद प्रतिनिधि राहुल पैगिया, सांसद प्रतिनिधि एवं पार्षद विजय बॉबी, सहायक नगर अधिकारी शालिनी नेगी एवं विनोद लाल साह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, मुक्ता सिंह, मुकेश चावला, संजय भाटिया मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा में वन पंचायत सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** वन विभाग की ओर से शुक्रवार को वन पंचायतों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में वन सरपंचों को पंचायत नियमावली 2024 की जानकारी दी गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। नगर के वन चेतना केंद्र एनटीडी में आयोजित सम्मेलन में डीएफओ सिविल सोयम प्रदीप धौलाखंडी ने बताया कि अधिनियम के तहत वन पंचायत के सरपंचों को वन अपराधों के मामलों में सीधे हस्तक्षेप करने की शक्ति दी गई है। साथ ही बताया कि वन प्रबंधन में जैव विविधता प्रबंधन समिति को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में फायर सीजन के दौरान सरपंचों को वनाग्नि रोकना, वनीकरण, जलाऊ लकड़ी और चारा प्रबंधन आदि के बारे में भी बताया गया। ताकि समय रहते वनाग्नि की घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा वन उपजों के प्रबंधन और उनसे मिलने वाले फंड का उपयोग आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

## एक नजर

### भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**काशीपुर।** देश के रेल मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद भवन के बाहर गद्दार कहकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए महाराणा प्रताप चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा महानगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सार्वजनिक रूप से गद्दार बोला है। भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी और उनकी पार्टी की सोच का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जब जब राहुल गांधी और उनकी पार्टी इस तरह के कृत्य करेगी तब तब भारतीय जनता पार्टी उनके घिनौने कृत्य का विरोध करेगी। पुतला दहन के दौरान गुरविंदर सिंह चंडोक, श्याम मोहन, वैभव गुप्ता, धीरज वर्मा, भागीरथ शर्मा, दीपक अग्रवाल बंटी, अनीता कांबोज, वैशाली गुप्ता, अनिल यादव, राजकुमार यादव, अभिनव राजपूत, रेखा सक्सेना, करन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### परीक्षा पर चर्चा में छात्रों ने दिखाया उत्साह

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के टीवी पर लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री तथा छात्र छात्राओं के प्रश्न उत्तरों तथा बातचीत को लेकर छात्रों में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। चर्चा के दौरान तनाव मुक्त होकर, एकाग्रता, आत्म विश्वास के साथ समयबद्ध तरीके से परीक्षा की तैयारी करने पर जोर दिया गया। वहीं परीक्षा के दिनों में माता पिता, अभिभावकों के साथ भी परीक्षा पर चर्चा करने को भी आवश्यक बताया गया। चर्चा के दौरान जीवन में कर्म को प्रधानता देने के साथ साथ लक्ष्य प्राप्ति और सपनों को पूरा करने के लिए सफल व्यक्ति की बायोग्राफी पढ़कर अपना रास्ता प्रशस्त करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता महेश चंद्र आर्या, मनोज शर्मा, सुनील कुमार उपाध्याय, रणधीर सिंह, राजेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, दिनेश चंद्र गोस्वामी, कौशलेश गुप्ता, कपिल भारद्वाज, मुकेश पाल, चौधरी नवनीत सिंह, मनोज विश्नोई, कल्पना नौडियाल, मनीषा चौहान समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक हुई

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। वहीं, नगर की मुख्य बाजार में अतिक्रमण और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने बंदरों का पकड़कर बंध्याकरण करने, विभिन्न जगहों पर टैम्पो का संचालन करने, पहाड़ों में लघु उद्योग खोलने, सरकारी विभागों के रिक्त पद भरने समेत ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग उठाई। कहा कि मांगों को लेकर परिषद शासन प्रशासन के कई बार मांग कर चुका है, लेकिन शासन प्रशासन उनकी मांगों को लगातार अनसुना कर रहा है। जिससे पूर्व सैनिकों में भारी रोष व्याप्त है। यहां बैठक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कैप्टन केशव दत्त पांडे, संरक्षक पीजी गोस्वामी, मोहन चंद्र जोशी, विनोद गिरी, सुरेंद्र लाल टम्टा, नरेंद्र वर्मा, नंदन सिंह सिंगवाल, रनवीर सिंह सांगा, हरीश सिंह बिष्ट, पान सिंह बिरौड़िया, सुरेश सिंह असवाल आदि मौजूद रहे।

### 38 श्रमिक परिवारों को प्रदान की सहायता राशि

**काशीपुर।** श्रमिक परिवारों की बेटियों की शादी के लिए कन्या विवाह सहायता योजना के तहत मिलने वाली 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई है। इसी योजना के तहत 38 श्रमिक परिवारों को राशि दी गई है। योजना की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। सभी आवेदन अब ऑनलाइन स्वीकार किए जाते हैं। विभागीय अधिकारी पात्र श्रमिकों का तय समय में सत्यापन करते हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक पिछले एक साल में 38 श्रमिक परिवारों ने बेटी की शादी के लिए आवेदन किया था। जिनका सत्यापन किया गया और उन्हें बेटी की शादी के लिए प्रत्येक को 51 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए श्रमिक का श्रम विभाग में कम से कम एक वर्ष पुराना पंजीकरण होना अनिवार्य है। आवेदन श्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

### धर्म जागरण समन्वय ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे स्थित स्वामी विवेकानंद विश्राम गृह में विशेष रंग का पेंट करने का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को धर्म जागरण समन्वय कुमाऊं संभाग संगठन ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि स्वामी विवेकानंद विश्राम गृह में बीते दिनों दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने विशेष पेंट कर दिया। जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। कहा कि उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से पेंट किया गया है। उन्होंने विश्राम गृह के आसपास भूमि पर अतिक्रमण का भी आरोप लगाया। धर्म जागरण समन्वय कुमाऊं संभाग संगठन से जुड़े लोगों ने एसएसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में कुमाऊ संयोजक मनोज सिंह पवार, जिला संयोजक कमल बिष्ट, जिला सह संयोजक अनिल वर्मा, नगर संयोजक दीप जोशी, प्रांत संस्कृति प्रमुख अरविंद चंद्र जोशी, विभाग संयोजक हिमांशु साह, विभाग संयोजक नीरज थापा, अनिल मेहरा, पार्षद अमित साह मोनू, अर्जुन बिष्ट, अभिषेक जोशी, सूरज वाणी, आशीष भारती, राहुल बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कलश यात्रा: श्रीमद देवी भागवत का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** श्री बिंदेश्वर महादेव मंदिर, इंद्रानगर द्वितीय बिंदुखत्ता में श्रीमद देवी भागवत महाज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रातः गणेश पूजन के बाद यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय कर मंदिर पहुंची। यात्रा में



सैकड़ों महिलाएं कलश धारण किए हुई थीं और क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इसके बाद, मंदिर प्रांगण में देवी भागवत कथा का प्रवचन प्रारंभ हुआ, जो 14 फरवरी तक जारी रहेगा। कथा व्यास पं. मनोज कृष्ण जोशी ने देवी की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को देवी की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने का मार्ग बताया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान गो. कुलानंद उपाध्याय, समिति अध्यक्ष शेर सिंह दानू, चंद्रशेखर कर्नाटक, चेतन पांडे, बीना जोशी, नंदन ऐरी, मनोज बसनायत, शिवराज बिष्ट, रणजीत मेहरा, किसन, विपिन, सूर सिंह, पूरन नगरकोटी, कैलाश जोशी, सीमा रावत, बबीता बसनायत, सरिता गंगोला, देवकी गोस्वामी, माया उपाध्याय, पुष्पा भंडारी, गीता दानू, ईश्वर काला, धीरज कुंवर, भगवत डांगी, रमेश गोस्वामी, देव सिंह देवली, इंदर सिंह दानू, सागर शर्मा, पवन सनवाल, पंकज गोस्वामी, अमित दानू, विजय सामंत, भैरव दत्त नागिला, राधा वल्लभ पांडे, कैलाश ठाकुली, पुष्कर दानू, राजू भंडारी, लक्ष्मण भंडारी, जीवन सिंह रावत, देवेंद्र सिंह फर्स्वाण, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्री शिव महापुराण कथा 16 से

**कपकोट।** क्षेत्र के छातीखेत स्थित नागेश्वर मंदिर में 16 से 26 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति ने बताया कि धार्मिक आस्था एवं क्षेत्रीय सहयोग से आयोजित इस महापुराण कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। कथा का वाचन व्यासपीठ से श्रद्धेय कथावाचक राजेंद्र प्रसाद पांडेय द्वारा किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार भगवान शिव, माता पार्वती एवं श्री गणेश जी के पावन आशीर्वाद से यह आयोजन संपन्न कराया जा रहा है। यहां समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह कालाकोटी, आनंदपुरी गोस्वामी, मदन सिंह, नरेंद्र सिंह, डा. नंदन सिंह, उमेद सिंह, मो. हनपुरी गोस्वामी आदि थे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**अल्मोड़ा।** चौखुटिया में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को प्रस्तुत किया गया।

बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति पर अपने सुझाव रखते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीणों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा जताई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित विभागों को शेष कार्यों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही ग्रामीण सड़कों की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधारीकरण एवं स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाए, जिससे आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकें। बैठक की विशेष बात यह रही कि महिला ग्राम प्रधानों एवं महिला क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य एवं महिला-शिशु कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को और बेहतर बनाए जाने पर बल दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अमजद खान ने जानकारी दी कि उपजिला चिकित्सालय चौखुटिया को तीन विशेषज्ञ चिकित्सक प्राप्त हो चुके हैं तथा ऑपरेशन थिएटर को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। विधायक प्रतिनिधि नंदन सिंह मेहरा द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन में आ रही असुविधाओं का विषय रखा गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा द्वारा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। ब्लॉक प्रमुख चेतना नेगी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण करना, लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना, पारदर्शी और गुणवत्तापरक रूप से सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं प्रस्तावों को धैर्यपूर्वक सुना तथा सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो जो प्रस्ताव उनके विभाग से सरोकार रखते हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही संपन्न की जाए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख चेतना नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख जितेंद्र बंगारी, कनिष्ठ प्रमुख सुप्रिया, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र गुंज्याल, तहसीलदार तितिक्षा जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नीरज सांगा के भाजयुमो नगर अध्यक्ष बनने पर जश्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा भाजपा से नीरज सांगा को युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।



शुक्रवार को चौघानपाटा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की। मौके पर कार्यकर्ताओं ने नगर के सिकुड़ा बैंड से दुगालखोला होते हुए मालरोड स्थित चौघानपाटा तक स्वागत रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत के पार पहुंचेगी। इधर, पार्टी ने उन्हें भाजयुमो नगर अध्यक्ष मनोनित करने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। यहां भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, महानगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पार्षद अमित साह मोनू, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, कमल बिष्ट, कृष्ण बहादुर, भानू बिष्ट, मनोज जोशी, संजय सिजवाली, पंकज रौतेला, कुंदन बिष्ट, करन सांगा, मुकुल सांगा, कमल सांगा, संकेत सुप्याल, हरीश बिष्ट, मनोज तिवारी, अक्षित पांडे, आशीष जोशी, रवि चौहान, जगत तिवारी, रिकी भट्ट, भगवान भोजक, नवीन रावत, जगदीश तिवारी, कमल मेहता, शुभम बिष्ट, मनोज समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी
काशीपुर (ऊधम सिंह नगर)

विज्ञापन सं.-01/2026 दिनांक : 07/02/2026

**आवश्यकता है**

माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर याचिका सं. 2986/एम.एस./2024 कमेटी ऑफ मैनेजमेन्ट बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित निर्णय एवं शासन के पत्र सं. -774/ /XXIV-4/25-03(27)/ 2025 दि. 26 सितम्बर 2025 के अनुपालन में मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर के पत्रांक संख्या/मा.-6/10167-69/पद विज्ञापन/2025-26 के द्वारा प्रदत्त अनुमति के क्रम में विद्यालय में रिक्त पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति चाहने वाले पुरूष/महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन क्रम | लेवल | आरक्षण श्रेणी | शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता (राजकीय विद्यालय में जो शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता लागू है) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ सहायक | 01 | 21700-69100 | 3 | अनारक्षित (सामान्य जाति) | इण्टरमीडिएट / राजकीय की भांति योग्यता |

**नियम व शर्तें**- (1) उक्त समस्त पदों के लिए शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यतायें वही होंगी जो राजकीय विद्यालय हाईस्कूल /इण्टरमीडिएट कॉलेजों के लिये निर्धारित की गयी हैं।
(2) राजकीय विद्यालयों के कनिष्ठ सहायक के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक व प्रशिक्षण योग्यता हेतु उत्तराखण्ड शिक्षा अनुभाग -04 की अधिसूचना संख्या-531/XXIV-4/2017-01(01)2016 दि. 25-04-2018 एवं समय-समय पर हुए संसोधन के अनुसार होंगी।
(3) कनिष्ठ सहायक पद हेतु हिन्दी टंकण में 4000 की डिप्रेशन / घंटा की गति अनिवार्य है।
(4) आवेदन पत्र रू. 300 प्रति आवेदन पत्र रेखांकित पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रबन्धक, किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) के पद नाम से देय हो भुगतान करने पर विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।
(5) आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर विद्यालय किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी, काशीपुर, ऊ.सिं.नगर कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा पहुँच जाने चाहिये, विलम्ब से पहुंचने वाले आवेदन पत्र निरस्त समझे जायेंगे।
(6) पंजीकृत लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विद्यालय का नाम अंकित होना अनिवार्य है।
(7) पद हेतु शैक्षिक एवं न्यूनतम व अधिकतम आयु वही होगी, जो राजकीय विद्यालयों के समकक्षीय कार्मिकों के लिए वर्तमान में निर्धारित है।
(8) विज्ञप्ति प्रकाशित होने से पूर्व उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी का नाम पंजीकृत होना चाहिये।
(9) आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**नोट**- जो विज्ञापन दिनांक 05-02-2026 को प्रकाशित हुआ था, उसमें कुछ त्रुटि होने के कारण उसको निरस्त समझा जाये व नये विज्ञापन को मान्य माना जाये।

प्रबन्धक
किकान इन्टर कालेज कुण्डेश्वरी
काशीपुर (ऊधम सिंह नगर)


# ग्राम प्रधानों ने उठाई विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** शहर से निकटवर्ती ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधानों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही सामाजिक व प्रशासनिक समस्याओं से अवगत कराया। ग्राम प्रधानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि किन्नरों द्वारा ली जाने वाली बधाई की राशि निर्धारित की जाए, जिससे किसी प्रकार के विवाद या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तय राशि न होने के कारण ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बाहरी लोगों के गांवों में आने पर उनका सत्यापन अनिवार्य किए जाने की भी मांग रखी गई। प्रधानों ने यह भी कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा जल स्रोतों एवं ग्राम सभा क्षेत्रों में गंदगी फैलाई जा रही है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए ग्राम प्रधानों को जुर्माना लगाने के अधिकार दिए जाने का



प्रस्ताव भी रखा गया। इस पर संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में संबंधित कोतवाल द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बधाई की राशि आपसी सहमति से व्यक्तिगत रूप से तय होगी तथा किसी भी प्रकार की जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाद में कोतवाल बीसी जोशी ने भी ग्राम प्रधानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। यहां ग्राम प्रधान खष्टी अधिकारी, मंजुला बिष्ट, प्रीति पंत, राहुल कुमार, बीना बोरा, अनिल, कैलाश अधिकारी, नवीन बोरा, भारत बिष्ट, रमेश जोशी सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।

# एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**कालाढूंगी।** शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल ने कालाढूंगी कोतवाली पहुंचकर कोतवाली का निरीक्षण किया। अपने वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कोतवाली स्टाफ के साथ बैठक लेकर क्षेत्र के सभी हिस्ट्री शीटरों पर कड़ी नजर रखने व क्षेत्र वासियों से आपसी तालमेल बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी फरियादी आए वह मायूस होकर नही लौटना चाहिए। हर किसी को इंसाफ मिले यह सोचकर पुलिस अपना कार्य करे। उन्होंने रात्रि गश्त, बैंक व एटीएम ड्यूटी के बारे में भी पूछताछ की। क्षेत्र में फैले नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में नशेड़ियों के अड्डों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने आपराधिक रजिस्टर सहित अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही माल खाना सहित शस्त्र भी देखे। बंदीगृह व बैरक का भी निरीक्षण करते हुए सफाई का खास ख्याल रखने की भी बात कही। उन्होंने पुराने वाहनों के वादों का निपटारा करते हुए उनकी नीलामी किये जाने के भी निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ भी अच्छा व्यवहार किए जाने की बात कही। इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार सैनी, उपनिरीक्षक पंकज जोशी, बेलपड़ाव चौकी प्रभारी राजवीर नेगी, कोटाबाग चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा, एसआई तनवीर आलम, जयवीर सिंह, शादाब खान, जयपाल सिंह, पूजा रानी आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रमुख बीमारियों में बदल चुकी हैं गौण बीमारियां

## जलवायु परिवर्तन और फसल रोगों पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग में शुक्रवार जलवायु परिवर्तन से फसलों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं उनका प्रबंधन पर 21 दिवसीय उच्च संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने उद्घाटन भाषण में डा. दीपा विनय ने कृषि क्षेत्र में अनुसंधान के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं के हिसाब से काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा देना और आधुनिक मशीनरी का समावेश समय की आवश्यकता है।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चंद्रा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों में होने वाले रोगों से 25 से 30 प्रतिशत तक नुकसान हो रहा है, जिसे जैव सघन रोग प्रबंधन पद्धतियों से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण गौण बीमारियां अब प्रमुख बीमारियों में बदल चुकी हैं, जिनके नियंत्रण के लिए नवीन तकनीकों की आवश्यकता है। डा. चंद्रा ने देश में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने की जरूरत और पादप रोग विज्ञान विभाग के योगदान पर भी प्रकाश डाला। निदेशक उच्च संकाय प्रशिक्षण केंद्र डा. योगेंद्र सिंह ने विभाग की शोध, शिक्षा और प्रसार गतिविधियों की जानकारी दी। 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के आठ राज्यों से आए 21 सहायक प्राध्यापक और विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कमाक्षी कांडपाल ने किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव वरिष्ठ शोध अधिकारी डा. दीपशिखा ने प्रस्तुत किया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने भी इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पैराग्लाइडिंग करते समय दो पायलट गिरे

**बागेश्वर।** केदारेश्वर मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता के दौरान एक हादसा हो गया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे दो पायलट लैंडिंग के समय संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे वे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड टीम से प्रतिभाग कर रहे प्रतापनगर, टिहरी गढ़वाल निवासी रणजीत सिंह चौहान उड़ान के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन लैंडिंग के समय संतुलन बिगड़ने से वह कमर के बल गिर गए। जिन्हें उपचार के लिए ऋषिकेश भेज दिया गया है। वही दूसरे पायलट जिला पंचायत सदस्य नवीन परिहार भी लैंडिंग के दौरान चोटिल हो गए। जिन्हें हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है।

# लापरवाही पर नपेंगे अफसर: रेखा आर्या

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अगर कोई अधिकारी जन समस्याओं की अनदेखी करेगा तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। हमारी सरकार हर नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनता का यही विश्वास भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का आधार है। सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्वालाकोट में आयोजित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों की सहभागिता रही, जबकि 95 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। रेखा आर्या ने बताया कि जन समस्याओं में मुख्य रूप से टूटी नालियां, सड़कें, पेंशन, फसल सुरक्षा के लिए तारबाड़, पेयजल, राशन कार्ड और खेल मैदान निर्माण जैसी मांगें सामने आईं। उन्होंने मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से इन समस्याओं पर तत्काल जवाब मांगा और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का समय पर निस्तारण नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में जो समस्याएं सामने आई हैं, वे अगले किसी कार्यक्रम में दोहराई नहीं जानी चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जहां लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान चार पात्र महिलाओं यमुना आर्या, मीनाक्षी नहाल, पिंकी और गायत्री देवी को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, ब्लॉक प्रमुख हवालबाग हिमानी कुंडू, मंडल अध्यक्ष स्याही देवी गणेश जलाल, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, मनोहर सिंह, जानकी, देवेंद्र सिंह नयाल, वीरेंद्र, आनंद डंगवाल, चंदन प्रकाश, देवेंद्र मेहरा, प्रदीप नगरकोटी आदि मौजूद रहे।



# क्रिकेट लीग: धोखाधड़ी करने वाला विकास ढाका गिरफ्तार

## दो टीम मालिकों से 32 लाख की ठगी का आरोप, पुलिस ने विकास के बैंक अकाउंट किए फ्रीज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आयोजित की जाने वाली बहुचर्चित ईवीसीएल (एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग) के नाम पर बड़े पैमाने पर दो टीम मालिकों से 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विकास ढाका को गिरफ्तार कर किया, इसके साथ ही पुलिस ने पुलिस ने पकड़े गए आरा. ेपी विकास ढाका के लेन-देन से जुड़े दो बैंक खाते को भी फ्रीज कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने इस फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 5 फरवरी गुरूवार को हरियाणा निवासी हेमंत शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा और पूर्व विधायक



सितारगंज नारायण पाल निवासी अंबिका विहार हल्द्वानी ने थाना काठगोदाम में तहरीर सौंपते हुए आरोप लगाया था कि गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाली ईवीसीएल क्रिकेट लीग के नाम पर आयोजक विकास ढाका ने उनसे लाखों रुपये की ठगी की। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विकास ढाका ने टीम मालिकों को यह बताया था कि क्रिकेट लीग में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, इरफान पठान, प्रवीण कुमार, मनप्रीत गोनी समेत कई अंतरर्राष्ट्रीय और रणजी स्तर के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसी दावे के आधार पर टीम मालिकों को फ्रैंचाइजी खरीदने के लिए प्रेरित किया। हेमंत शर्मा ने ईवीसीएल क्रिकेट लीग में यूपी वॉरियर्स नामक टीम खरीदी थी। आरोपी ने टीम की फ्रैंचाइजी फीस 50 लाख रुपये बताई, लेकिन छूट का लालच देकर 30 लाख रुपये में सौदा तय किया। सौदे के अनुसार हेमंत शर्मा ने नगद और अन्य माध्यमों से कुल 23 लाख रुपये आरोपी को भुगतान किए। वहीं पूर्व विधायक नारायण पाल ने उत्तराखंड सोल्जर्स नामक टीम खरीदी गई। आरोपी ने इस टीम की फ्रैंचाइजी फीस भी 50 लाख रुपये बताई थी, जिसे बाद में 10 लाख रुपये की छूट देकर तय किया गया। इस सौदे के तहत नारायण पाल ने 3 लाख रुपये नकद तथा हल्द्वानी में प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स सहित कुल 9 लाख रुपये खर्च किए। टूर्नामेंट की शुरुआत की तिथि 1 फरवरी निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी टूर्नामेंट शुरू नहीं हुआ। जब टीम मालिकों ने आयोजक से संपर्क किया तो आरोपी टाल-मटोल करता रहा। बाद में अंतरर्राष्ट्रीय खिलाडियों से संपर्क करने पर पता चला कि उन्हें इस प्रकार के किसी भी आयोजन की कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आयोजक ने न तो किसी तरह की टीम ड्रेस, लोगो या होर्डिंग्स तैयार कराई थी और न ही आयोजन से जुड़ी कोई ठोस तैयारी की थी। इससे स्पष्ट हुआ कि आरा. ेपी ने पूर्व नियोजित तरीके से क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी कर मोटी रकम हड़प ली। जिसके बाद काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मल्ला काठगोदाम क्षेत्र से आरोपी विकास ढाका पुत्र यशवीर सिंह ढाका निवासी 162 सैक्टर नोएडा यूपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के लेन-देन से संबंधित दो बैंक खातों को भी फ्रीज कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप सिंह, एसआई नीतू, कांस्टेबल करतार सिंह शामिल रहे।

# महिलाओं के गले में मारा झपटा, मंगलसूत्र उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र में झपटामार बाइक सवारों ने दो अलग-अलग क्षेत्र में घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। झपटामार बाइक सवारों ने पहली घटना 30 जनवरी को फतेहपुर क्षेत्र में दी और उसके बाद बीते 4 फरवरी को बिठौरिया क्षेत्र में दी। एक महिला से पता पूछने के बहाने मंगलसूत्र झपटकर ले गए और दूसरी ओर दुकान में खरीददारी के बहाने दुकान स्वामिनी का मंगलसूत्र उठाकर ले गए। दोनों ही महिलाओं ने मुखानी थाने पहुंचकर अज्ञात दो बाइक सवार युवकों के खिलाफ तहरीर सौंपी। पुलिस ने पीड़ित महिलाओं की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। जानकारी के अनुसार बिठौरिया नंबर एक ऊंचापुल निवासी बीना पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 4 फरवरी को दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद थीं। इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक उनकी दुकान के सामने आए और पीछे बैठा युवक उनकी दुकान में आया और मेहंदी मांगी। जैसे ही उसे मेहंदी देने के लिए सामने आई तभी उसने मंगलसूत्र में झपटा मारा और बाइक में बैठ कर फरार हो गए। जबकि दूसरा फतेहपुर देवभूमि सैनिक कालोनी पीपल पोखरा निवासी कमला देवी ने मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 30 जनवरी की दोपहर वह अपने पोते को लेने जा रही थी तभी रास्ते में बाइक सवार युवकों ने पता पूछने के लिए उनको रोका तभी बाइक के पीछे बैठे युवक ने उनके गले में झपटा मारकर मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। मुखानी पुलिस ने दोनो पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस ने दावा किया है शीघ्र झपटामार बाइक सवारों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# इस वर्ष रिकार्ड तोड़ चुगान

## गौला नदी में इस वर्ष अब तक 2 करोड़ टन निकासी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में खनन राजस्व, नदियों में खनन वाहनों और उप खनिज चुगान के मामले में पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड इस वर्ष टूट गया है।

खासतौर पर गौला, नंधौर और कोसी नदियों में जिला प्रशासन के प्रयासों से खनन कार्य में अभूतपूर्व सफलता मिली है, जो पिछले पांच साल के आंकड़ों से स्पष्ट है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पारदर्शी और नीतिगत खनन चुगान प्रक्रिया को समय पर शुरू किया गया, जिससे यह सफलता प्राप्त हुई। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गौला नदी में अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक कुल 6018 वाहनों के जरिए 414,345.42 टन उप खनिज की निकासी की गई थी। इसके बाद अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक 47,975 वाहनों से 5,141,445.48 टन उप खनिज निकाले गए। इसी तरह अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक 24,345 वाहनों से 2,357,708.76 टन खनिज निकाले गए। इसके साथ ही वर्तमान वर्ष में अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 तक 2,22,664 वाहनों के जरिए 2,13,99,739.38 टन उप खनिज की निकासी की गई है, जो पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड को ध्वस्त करता है। इस सफलता से सरकार को राजस्व प्राप्त हुआ और गौला नदी से जुड़े वाहन स्वामियों, चालकों और मजदूरों को रोजगार भी मिला। जिला प्रशासन ने खनन कार्य में जुटे मजदूरों को सुरक्षा उपकरण, कंबल और पानी छिड़काव के कार्यों को समय पर सुनिश्चित किया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी खनन नीति और वार्षिक नीतिगत खनन चुगान व्यवस्था के कारण इस वर्ष सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

### नंधौर नदी में रिकॉर्ड तोड़ खनन

नंधौर नदी में अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक केवल 50 वाहनों से 331.61 टन उप खनिज की निकासी हुई थी। इसके बाद, अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक 10,438 वाहनों से 99,784.71 टन उप खनिज निकाले गए। इस वर्ष, जिला प्रशासन के प्रयासों से 26,824 वाहनों से 2,17,763.60 टन उप खनिज की निकासी की गई, जो एक नया रिकॉर्ड है।

### कोसी नदी ने भी तोड़ा पुराना रिकॉर्ड

कोसी नदी में भी इस वर्ष खनन चुगान में नए रिकॉर्ड बने हैं। अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक 12,916 वाहनों से 1,58,754.55 टन उप खनिज निकाले गए। अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक 13,122 वाहनों से 1,55,724.44 टन उप खनिज निकासी हुई। अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक 822 वाहनों से 98,657.86 टन उप खनिज निकाले गए, जबकि वर्तमान वर्ष में अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 तक 41,874 वाहनों से 5,01,997.05 टन उप खनिज निकाली गई है, जो रिकॉर्ड तोड़ है।

# डीएम के आदेश पर शराब की दुकानों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग की टीम द्वारा नियमित प्रवर्तन और गुणवत्ता नियंत्रण अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने विभिन्न मदिरा दुकानों और हल्द्वानी में संचालित एफ.एल-2 अनुज्ञापनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा ब्रांड्स की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, स्टॉक अभिलेखों और बिक्री प्रक्रिया की जांच की गई। इसके साथ ही गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मदिरा ब्रांड्स के सैंपल एकत्रित किए गए, जिन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा गया। यह पूरी कार्रवाई आबकारी अधिनियम और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न की गई। आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की निरीक्षण और प्रवर्तन कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि अवैध मदिरा विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण और उपभोकताओं को गुणवत्तापूर्ण मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।



## विकसित भारत की परिकल्पना स्वस्थ भारत के बिना संभव नही: भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से कालाढूंगी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को जिला स्तरीय आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका को और प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत एवं एसीएमओ डा. संजीव खड़वाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना स्वस्थ भारत के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, परिवार नियोजन और जन-जागरूकता अभियानों में आशा कार्यकर्ता अहम कड़ी है। आशा कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं घर-घर तक पहुंच पा रही हैं। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अभियानों को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय है। आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करती है और उनका योगदान किसी भी स्थिति में कमतर नहीं आंका जा सकता। सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर डा. श्वेता भंडारी, डा. सत्यनंद जोशी, दीपक कांडपाल, बसंत गोस्वामी, आनंद खंडूरी, पारस साह, सपना जोशी, ललित डोडियाल, राघवेंद्र रावत, हरेंद्र काठायत सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेलवे एआई तकनीक से करेगा हाथियों की सुरक्षा

## पूर्वोत्तर रेलवे के 99.18 रूट किमी पर लगेगा एआई इनेबल्ड इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे प्रशासन ने वन्यजीवों, विशेषकर हाथियों की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की है। रेल परिचालन के दौरान ट्रैक पर हाथियों की मौजूदगी से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब एआई इनेबल्ड इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक प्रणाली पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के 99.18 रूट किलोमीटर में स्थापित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस सिस्टम के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। यह तकनीक डिस्ट्रिब्यूटेड एकॉस्टिक सेंसर (डीएसएएस) पर आधारित है,



जो ऑप्टिकल फाइबर के जरिए ट्रैक पर हाथियों की गतिविधियों का पता लगाती है। पहले से फीड किए गए हाथियों की चाल के सिग्नेचर के आधार पर यह सिस्टम तुरंत लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजता है, जिससे समय रहते ट्रेन को रोका जा सके और हाथियों को सुरक्षित किया जा सके। पहले चरण में यह प्रणाली 24 रूट किलोमीटर में स्थापित की जा रही है, जिसमें लालकुआं-गुलरभोज (15.8 किमी), छतरपुर-हल्दी रोड (1.2 किमी), हल्दी रोड-लालकुआं (2.7 किमी), पंतनगर-लालकुआं (1.2 किमी) और लालकुआं-हल्द्वानी (3.2 किमी) खंड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त काशीपुर-रामनगर तथा खटीमा-बनबसा रेल खंड पर भी इसे लगाने की प्रक्रिया जारी है। रेलवे प्रशासन वन विभाग के सहयोग से हाथियों की सुरक्षा के लिए कई अन्य उपाय भी लागू कर रहा है, जिनमें स्पीड लिमिट, चेतावनी संकेत बोर्ड, अंडरपास, सुरक्षा बाड़, हनी-बी बजर डिवाइस और थर्मल कैमरे शामिल हैं। इसके साथ ही हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एलिफेंट कॉरिडोर भी विकसित किए गए हैं। भारतीय रेलवे द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे ये प्रयास न केवल हाथियों की जान बचाने में सहायक होंगे, बल्कि रेल संरक्षा को भी और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

# संशोधित दरों पर वेतन देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा निर्धारित संशोधित दरों के अनुसार वेतन दिए जाने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा को एक ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करने की बात कहीं गई। शुक्रवार को नगर आयुक्त परितोष वर्मा को दिए गए ज्ञापन में संघ ने कहा कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय), नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 190 (ई) के तहत कामगारों के मूल्य सूचकांक में परिशोधन करते हुए मजदूरी दरों में 805 अंकों का संशोधन किया गया



है। अधिसूचना के आधार पर संघ ने मांग करते हुए कहा कि नगर निगम में कार्यरत समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों, विशेष रूप से पर्यावरण मित्रों के वेतन में नई संशोधित दरें तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं। आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुरूप वेतन पुनरीक्षण से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और श्रम नियमों का भी समुचित पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। ज्ञापन देने वालों में विश्वास, विरेन्द्र, सिद्धार्थ चौहान, विजयपाल, राजेश आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ी आर्मी के संस्थापक की कार दुर्घटनाग्रस्त

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत की कार शुक्रवार को हल्द्वानी के कमलुवागांजा रोड पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में हरीश रावत को हल्की चोटें आई हैं, जबकि उनके साथ मौजूद विनोद नेगी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरीश रावत एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान कार पार्क करते समय रामनगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही होंडा अमेज़ कार ने उनकी गाड़ी के बाईं ओर टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी कार पास में खड़ी दूसरी कार से जा टकराई, जिससे वाहन को दोनों ओर से नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार हरीश रावत खतरे से बाहर हैं।

## मुक्त विश्वविद्यालय में शोध परिषद की चतुर्थ बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति की अध्यक्षता में शोध परिषद की चतुर्थ बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में सदस्य सचिव निदेशक (शोध) प्रो. गिरिजा पांडे और अतिरिक्त निदेशक प्रो. मंजरी अग्रवाल ने चतुर्थ शोध परिषद की कार्यसूची और शोध नीतियों को अन्य सदस्यों के सामने रखा। बैठक में सहायक निदेशक डा. एसएन ओझा ने शोध अध्यादेश-2026 के प्रारूप को प्रस्तुत किया, जिस पर मौजूद सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के बाद शोध अध्यादेश-2026 के प्रारूप को अनुमोदित कर दिया गया। बैठक में आमंत्रित बाह्य विशेषज्ञ डा. एचसी पुरोहित (दून विश्वविद्यालय) प्रो. गोपाल नंद साहू (कुमाऊं विश्वविद्यालय) प्रो. जयदीप शर्मा (इग्नू) और समस्त विद्याशाखाओं के निदेशकों ने विश्वविद्यालय द्वारा लागू की गई शोध नीतियों की सराहना की। उन्होंने इन नीतियों को गुणवत्तापूर्ण, नैतिक और पारदर्शी शोध को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को सुदृढ़ करने, शोधार्थियों को बेहतर शोध वातावरण उपलब्ध कराने और उच्च स्तरीय शोध को प्रोत्साहित करने से संबंधित कई मुद्दों पर भी विचार किया गया। इस मौके पर उपनिदेशक (शोध) प्रो. पीके सहगल, सहायक निदेशक डा. एसएन ओझा, करिश्मा शोध अधिकारी और विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक भी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विकास परियोजना द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना हल्द्वानी ग्रामीण ने डीएवी पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल ने शिरकत की, साथ ही चिकित्सा विभाग की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा.ऊषा जंगपांगी, महिला हेल्पलाइन प्रभारी सुनीता कुंवर और नेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी हिमानी मटियानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बालिकाओं ने



महिलाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की, जिसमें महिला सुरक्षा, महिला समानता, बाल विवाह, मातृ स्वास्थ्य देखभाल और अवैतनिक श्रम जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके प्रयासों के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने बालिकाओं से संवाद किया, जिनमें राजनीति, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे। इस संवाद सत्र में बालिकाओं ने अपने सवाल पूछे और विभिन्न कार्यक्षेत्रों के बारे में जानक. ारी प्राप्त की। जिला प्रोबेशन अधिक. ारी ममता ने बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन और वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी, जबकि संगीता टाकुली ने बाल विवाह रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी, डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य अमित जोशी, सुप. रवाइजर मीना गर्खाल, मनीषा आर्या और प्रियंका आर्या मौजूद रही।

## आत्मनिर्भर बनीं किरन जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब महिलाओं के जीवन में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। इसका आदर्श उदाहरण बनकर उभरी हैं हल्द्वानी विकासखंड की किरन जोशी। किरन जोशी एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं, और धामी सरकार के सहयोग से उन्हें सहकारी बैंक के माध्यम से 3,00,000 का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहायता ने उनके जीवन में बदलाव लाया और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने का साहस दिया। ऋण मिलने के बाद किरन जोशी ने पारंपरिक पहाड़ी उत्पादों का निर्माण शुरू किया और अपनी कला को भी व्यवसाय में बदला। वे अब हर्बल टी, रायता मसाला, ककड़ी और मूंग दाल की बड़ी, पहाड़ी पीसी नून जैसे शुद्ध और स्थानीय उत्पाद तैयार करती हैं। साथ ही, वे रेशम पर पारंपरिक पेंटिंग बनाकर उत्तराखंड की लोककला को बढ़ावा भी दे रही हैं। जिससे उनके समूह को सालाना 7 से 8 लाख रुपये की आय होती है। आज वे न केवल आत्मनिर्भर बन चुकी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।



# सरस्वती विहार के बच्चों ने देखी 'गोदान'

## फिल्म के प्रदर्शन से पहले गौ माता का विशेष पूजन हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को विद्या भारती की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के विद्यार्थियों को टेड़ी पुलिया स्थित सिनेमा हॉल में प्रेरणादायी फिल्म 'गोदान' दिखाई गई। फिल्म प्रदर्शन से पहले पूरे विधि विधान के साथ गौ माता की पूजा भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, और ध्रुव रौतेला मौजूद रहे। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदू सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में गौ-संस्कृति के गहन महत्व से अवगत कराया गया। इसके बाद विद्यालय की प्रबंध समिति के



व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल और अरुण अग्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि गौमाता के रूप में पूजनीय स्थान रखती है। व्यवस्थापकों ने बताया कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार गौमाता में 33 करोड़ देवताओं का वास माना गया है। वेदों और पुराणों में गाय की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है और गोवर्धन पूजा जैसे पर्वों पर गौमाता की विशेष आराधना की जाती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में गाय का दूध, दही और घी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अमूल्य पोषण प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि गाय ग्रामीण जीवन और भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि गाय अहिंसा, करुणा और निस्वार्थ सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि गौ-संरक्षण के माध्यम से ही हम अपनी सांस्कृतिक विरासत और मानवीय मूल्यों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों और गौ-संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा।

## दो दिवसीय गोल्ज्यू महाराज का दशम स्थापना दिवस संपन्न, भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के प्रमुख देवता गोल्ज्यू महाराज के दशम स्थापना दिवस के अवसर पर गोल्ज्यू महाराज स्थापना समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय वार्षिक धार्मिक उत्सव का आयोजन किया गया। बीते गुरुवार को जागर लगाई गई और शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ कर कार्यक्रम का विधिवत पारायण किया गया। इसके बाद 21 कन्याओं का पूजन एवं भोज कराया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराएं जीवित रहती है। इससे आने वाली पीढ़ी को कुमाऊं के देवी-देवताओं एवं धार्मिक संस्कारों से जोड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रकाश हर्बोला, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, रेनू अधिकारी, दिनेश आर्य, प्रदीप जेनोटी, मधुकर श्रोत्रिय, हेमंत बिष्ट, गोविंद अग्रवाल, पवन बिष्ट, हिमांशु सनवाल, राजू मेहरा, राधेश्याम रावत, हितेश शर्मा, पुलकित प्रताप, जीतू आर्य, दीपक आर्य, रीना बाली, साक्षी, गणेश आर्य, संदीप कुकसाल मौजूद रहे।



## नैनीताल में फिर बढ़ा कुत्तों का आतंक

**नैनीताल।** नैनीताल में एक बार फिर से कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। प्रतिमाह कुत्तों के काटने के बाद लगभग 150 मरीज एंटी रेबीज लगाने अस्पताल पहुंच रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में कुत्तों से लोगों की सुरक्षा के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसके चलते प्रतिमाह 150 लोगों को आवारा व पालतू कुत्ते काट कर जख्मी कर रहे हैं। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस डक्क तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि जिला अस्पताल के आंकडों के हिसाब से रोजाना पांच से छह लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं। बताया कि वर्ष 2025 में कुल 1912 मरीज बीडी पांडे अस्पताल में उपचार को पहुंचे थे। बताया कि इस वर्ष जनवरी सेफरवरी अब तक 250 लोग कुत्तों के काटने के बाद उपचार के लिए पहुंचे हैं जिनको एंटी रेबीज लगाई जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, तोड़ा दम

■ लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे छीन रहे परिवारों की खुशियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** खटीमा मार्ग में हुए सड़क हादसे में पैदल युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी, बच्चों का रोकर बुरा हाल हैं। पिछले चार दिन में हुए सड़क हादसों में वृद्धा समेत अब तक तीन की मृत्यु हो चुकी हैं। इसके बाबजूद सड़क हादसों पर जिम्मेदार अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। जिसका खामियाजा लोग जान देकर चुका रहे हैं।

शुक्रवार को किच्छा रोड के रमपुरा वार्ड निवासी 35 वर्षीय गुड्डू को खटीमा रोड स्थित निजी विद्यालय के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक रात से घर नहीं आया था। हादसा कब हुआ इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता लग सकेगा। शुक्रवार की सुबह समाजसेवी इमरान मौके पर पहुंचे। उन्होंने खून से लथपथ शव को पुलिस की मदद कर अस्पताल पहुंचाया। मृतक अपने पीछे पत्नी और छोटे- छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गए। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही सभासद अविनाश वाल्मीकि, निसार सलमानी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शव का पंचायतनामा करवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। सड़क हादसों के कारण कई घरों के चिराग बुझ गए हैं। इसके साथ ही अधिकांश लोगों की हादसों की चपेट में आकर हिड्डयां टूट गई है वे अपाहिज हो गए हैं।

## कार-बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शहर की भूरारानी रोड पर गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

दुर्घटना गुरुवार की रात करीब 12 बजे राधेश्याम पेट्रोल पंप के पास की बताई जा रही है। घायलों की पहचान अभी कोली और विशाल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अभी की टांग में गंभीर चोट आई है, जबकि विशाल के सिर पर गहरी चोट लगी है। दोनों को मौके पर पहुंची मदद से तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अभी कोली काशीपुर रोड स्थित तेल मिल क्षेत्र के आसपास किसी कॉलोनी का निवासी बताया जा रहा है, जबकि विशाल कुमार भूरारानी क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर की ओर जा रहे थे,तभी पेट्रोल पंप के पास कर सवार ने उन्हें ठोक दिया।

# बाल विवाह मुक्ति को निकाली रथ यात्रा




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** यातायत ट्रैफिक पुलिस कोतवली थाना प्रभारी ब्लॉक आंगनबाडी सरकारी स्कूल प्राइमरी स्कूल प्रोजेक्ट एक्सेस टू जस्टिस इस्टीटूयूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट किच्छा परियोजन सम्वयक संगीता गुप्ता के द्वारा चार गांव में बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा निकाली गई, जिसमे रुद्रपुर यातायता थाना प्रभारी कांता अग्रवाल, ट्रैफिक से रोहित, कोतवली प्रभारी मनोज रतूड़ी, महिला पुलिस IPS नेहा, बीएलओ असित आन्नद व स्ट्राफ उपस्थिति था।

आगनबाडी वर्कर सरकारी स्कूल इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रामकृष्ण त्रिपाठी, प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज, प्रधानाचार्य सविता वर्मा, आंगनबाड़ी वर्कर गीता वेद, सुनीता, किशोर किशोरियां, महिला पुरुष ने बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा में भाग लिया।

## एक नजर

# टीटीओ ने चालकों को यातायात नियमों के पालन के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा दोराहा चौक पर शुक्रवार को एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टीटीओ अनिल भारती एवं सचिन कुमार ने टेंपो, बस और बैटरी रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

टीटीओ अनिल भारती ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी है। नियमों की अनदेखी से न केवल स्वयं चालक बल्कि आम जनता की जान भी खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की। बैठक में दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। चालकों को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों का भी अहसास कराया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश गुप्ता, टेंपो यूनियन अध्यक्ष बबलू नामधारी, रामदास, जितेंद्र पासी, संजय कश्यप, सुरजीत कश्यप, छोटू सैनी, रामशरण सिंह, बलवीर सिंह, अनिल कुमार, मनदीप सिंह, ग्रीस सिंह सहित कई चालक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ शातिर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** जनपद उधम सिंह नगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों तथा चोरी-लूटपाट करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

बीती चार फरवरी को बाजपुर पीकौर अस्पताल के सामने से हरि सिंह पुत्र हर प्रसाद निवासी भट्टपुरी की बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (UK06U6990) चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। चोरी की घटना के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर बरहैनी रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के दक्षिणी छोर से अभियुक्त अजय उर्फ हरीश पुत्र हरगोविंद, निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी,को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से वादी की चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। अभियुक्त को बरामद माल सहित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिसमें चोरी, लूट व आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। टीम में नरेश चौहान प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, कांस्टेबल जगदीश कोटियाल, मौ. इरफान शामिल रहे।

# होटल में गहनों की चोरी का खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

**महिला गिरफ्तार, लाखों का सामान बरामद**

**रामनगर।** रामनगर में होटल के कमरे से गहनों की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से लाखों रुपये के चोरी हुए गहने और नकदी बरामद की है। हल्द्वानी निवासी आशीष बेलवाल ने बीते दिन गुरुवार को दोपहर के समय थाना कोतवाली रामनगर में डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि ढेला क्षेत्र स्थित रेड रूफ इन होटल के कमरे नंबर 109 में एक महिला के मंगलसूत्र और कान के कुंडल चोरी हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए उप निरीक्षक राजकुमारी, महिला कॉन्स्टेबल उमा और कॉन्स्टेबल संजय सिंह को मौके पर रवाना किया।इस दौरान शिकायतकर्ता आशीष बेलवाल निवासी हल्द्वानी स्वयं थाने पहुंचे और घटना के संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच के दौरान होटल में मौजूद एक संदिग्ध महिला दिखाई दी। पूछताक में आरोपी ने अपना नाम शुभांगी पांडे निवासी वसुधा कॉटेज, मेलरोज कंपाउंड, मल्लीताल नैनीताल बताया । शुरुआत में महिला ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी महिला की तलाशी लेने पर उसके बैग से पीड़ित की पत्नी का चोरी हुआ सोने और डायमंड का मंगलसूत्र, सोने और डायमंड का एक कान का टॉप्स तथा 3520 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार चोरी हुई संपत्ति की कुल कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है, जिसमें से करीब 6 लाख 75 हजार रुपये का सामान बरामद कर लिया गया है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# नेशनल हेल्थ मिशन की समीक्षा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मनुज गोयल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने मिशन निदेशक को स्मृति चिन्ह भेट किया और पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी।



बैठक में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए होम डिलीवरी कम करने के निर्देश दिए गए। होम डिलीवरी के कारणों का पता लगाने के लिए कहा गया। टी.बी. कार्यक्रम, टीकाकरण, एनसीडी कार्यक्रम, आरोग्य आयुष्मान मंदिर एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके बाद निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया।

बैठक में डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. धीरेन्द्र गहलोत, डॉ. विनय यादव, हिमांशु मुस्योनी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दान सिंह भंडारी, चांद मियां, प्रदीप महर, पंकज गुसाईं, नन्दलाल आदि मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ 11 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शुक्रवार को प्राचीन श्री वनखण्डी महादेव मंदिर, बरहैनी में 11 दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत कलश यात्रा सती मंदिर बरहैनी से प्रारम्भ होकर प्राचीन श्री वनखण्डी महादेव मंदिर बरहैनी में सम्पन्न हुई।




कलश यात्रा में महंत श्याम गिरि, महंत भगवान गिरि, सावनपुरी, कथावाचक पंडित भास्कर पाण्डे 'कोटाबाग', यजमान पूरन बिष्ट एवं विशन दत्त पाण्डे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यात्रा में गीता बिष्ट, देवकी देवी, नीमा जोशी, हीरा जोशी, ममता काण्डपाल, रजनी चन्द्रा, पार्वती देवी, पूनम काण्डपाल, चन्द्रा काण्डपाल, रीता, पूजा, सरिता, कला देवी, कमला देवी, दीपिका रौतेला, शारदा देवी, हेमा देवी सहित सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कथा आयोजन समिति ने बताया कि आगामी 11 दिनों तक प्रतिदिन श्री शिवमहापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित करेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# आईजी ने महिला फायरमैन को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस और अग्निशमन कार्मिकों को स्टार पर्सनल ऑफ कुमाऊं रेंज के रूप में सम्मानित किया। इसमें फायर स्टेशन रुद्रपुर में तैनात महिला फायरमैन गंगोत्री भी शामिल हैं। गंगोत्री को अग्निकांड, आपदा व आपातकालीन परिस्थितियों में साहस, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ उत्कृष्ट सेवा देने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया ने कहा कि ऐसे सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है।

# रुद्रपुर में 14 फरवरी से शुरू होगा 'विकास' का उत्सव

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी देंगे करोड़ों की सौगात

■ 14 से 23 फरवरी तक गांधी पार्क में आयोजित होगा सरस मेला




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा के सफलतम एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में शहर एक ऐसे ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है, जो विकास और संस्कृति का अनूठा संगम होगा। नगर निगम के तत्वाधान में आगामी 14 फरवरी से 23 फरवरी तक गांधी पार्क में 10 दिवसीय भव्य 'सरस मेले' का आयोजन किया जाएगा। इस गौरवशाली उत्सव का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा रुद्रपुर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि इस अवसर पर वे शहरवासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन और मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए महापौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम प्रशासन, भाजपा कार्यकर्ताओं और शहर के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम बोर्ड का यह एक साल का कार्यकाल जन-सेवा और पारदर्शिता का प्रतीक रहा है, जिसे उत्सव के रूप में मनाने के लिए सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि 14 फरवरी को मुख्यमंत्री का आगमन रुद्रपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा और उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। यह मेला न केवल मनोरंजन का साधन होगा, बल्कि विकास की नई गाथा भी लिखेगा। महापौर ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरस मेले में विभिन्न सरकारी और निजी विभागों के लगभग 150 स्टॉल लगाए जाएंगे, जो शासन की जनहितकारी योजनाओं और स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। धार्मिक दृष्टि से भी यह मेला अत्यंत महत्वपूर्ण और यादगार होने वाला है क्योंकि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है। जिसके चलते विशाल शिव जागरण का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस जागरण में देश के विख्यात भजन सम्राट अपनी प्रस्तुतियां देंगे और मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बैठक में मौजूद अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस अवसर पर आईएएस अधिकारी हिमांशु जोशी, पीडी डीआरडीए आसित आनंद, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सुनील ठुकराल, अजय चड्ढा, अमित अरोड़ा 'बॉबी', जगदीश बटला, दिलीप अधिकारी, अमित वैध, अशोक विश्वास, गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजों, नरेंद्र अरोरा, जेबी सिंह, दुर्गेश मौर्य, हिमांशु शुक्ला, सुनील ठुकराल, पारस चुघ, उमेद सिंह, अंकित ढींगरा सहित नगर निगम की टीम और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर। उत्तराखंड** परिवर्तन पार्टी एवं विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने समाज में सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारा बनाए रखने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले कोटद्वार निवासी दीपक कुमार, विजय रावत और अन्य लोगों पर पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है।

शुक्रवार को उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी की अगुवाई में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में बताया है कि जब पूरा देश 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस मना रहा था।उसी दिन बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं के द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में व्यवसाय करने वाले एक समुदाय विशेष के बुजुर्ग दुकानदार की दुकान पर जाकर उनसे अभद्रता ,गाली गलौज करने लगे। जब विवाद बढ़ा तो नफरत से भरे बजरंग दल के कार्यकर्ता हिंसक होने लगे तो नजदीक में खड़े जिम व्यवसाय दीपक कुमार एवं उनके साथी बीच बचाव करने की कोशिश करने लगे। नफरती बजरंग दल के कार्यकर्ता उनसे भी अभद्रता एवं गाली गलौज करने लगे। दीपक कुमार एवं उनके साथियों के बीच बचाव में आने से एक बहुत बड़ी घटना होने से रह गई जिसके कारण नफरती कार्यकर्ताओं को वहां से जाने को मजबूर होना पड़ा। जब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में देश दुनिया के लोगों ने देखा तो उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गयी कार्रवाई की निंदा की वही लोगों ने दीपक कुमार, विजय रावत एवं उनके साथियों के तारीफ करने लगे कि उन्होंने हिम्मत दिखाकर सांप्रदायिक तनाव होने से बचा लिया। इस पूरे घटनाक्रम का दुखद पहलू है कि जिन लोगों के ऊपर कानून व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी थी उन लोगों ने उन नफरतों की कार्यकर्ताओं को कोटद्वार आने दिया। उन नफरती कार्यकर्ताओं ने सत्ता के संरक्षण की हनक दिखाते हुए पुलिस कर्मियों से भी अभद्रता की। ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, मनमोहन अग्रवाल, चिंताराम ,लालमणि , आसिफ, किरण आर्य, विनोदअंजान, अतुल अग्रवाल, मदन मेहता, सुखदेव सिंह, प्रमोद कुमार कुलसुम जहां आदि मौजूद रहे।

# महंत शुभम गिरी का भव्य स्वागत उत्तराखंड में सत्ता परिवर्तन तय

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तराखंड के बाजपुर स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष महंत शुभम गिरी के आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरविंद यादव के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ उत्तराखंड में परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ऊधम सिंह नगर की गदरपुर विधानसभा सीट पर पिछले छह महीनों से संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं और जनता से सीधा संवाद स्थापित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जिले की अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी संगठन विस्तार का कार्य जिलाध्यक्ष रवि छाबड़ा के नेतृत्व में तेजी से चल रहा है।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक संगठन खड़ा किया जा रहा है, ताकि आने वाले चुनावों में पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतर सके। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में उत्तराखंड में सत्ता परिवर्तन तय है और इसमें पार्टी की भूमिका अहम एवं निर्णायक होगी। इस मौके परअर.विंद यादव, रवि छाबड़ा, राम सिंह सागर, अमित कुमार, इमरान खान, रमेश यादव, शिव अवतार शर्मा, निशा खान, उज्जवल सिंह, दीपक कुमार, योगेश कुमार, रूबी खान, शेर सिंह यादव, विशाल यादव, रहीस लाला एवं दबीर रजा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोबाइल दुकान में हुई चोरी के खुलासे को लेकर एसएसपी से मिले विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** काशीपुर बाईपास रोड स्थित मोबाइल मंत्रा शोरूम में विगत दिवस हुई चोरी की बड़ी वारदात जिसमे मोबाइल स्वामी की पूरी दुकान ही शातिर चोरों द्वारा साफ कर दी गई, तो वहीं व्यापारी हित में मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक शिव आरोरा व्यापारीयों के प्रतिनिधि मंडल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से उनके कार्यालय मे मुलाकात की।



विधायक अरोरा ने कहा काशीपुर बाईपास रोड स्थित मोबाइल मंत्रा मं अभी हाल में हुई बड़ी चोरी की वारदात जिसको लेकर व्यापारियों मे काफी चिंता है कि किस प्रकार छत के ऊपर से लोहे का दरवाजा तोड़कर पूरी रात एक एक मोबाइल का डब्बा खाली कर इस घटना को अनजान दिया है, जो दर्शाता है घटना को अंजाम देने वाले चोर शातिर होंगे। विधायक अरोरा ने एसएसपी से कहा इस चोरी की घटना का खुलासा जल्द से जल्द होना चाहिए और व्यापारी के हुए इतने बड़े नुकसान को देखते हुए चोरों से सामान की बरामदगी हो।

वहीं एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने विधायक की बात सुनकर स्पष्ट किया निश्चित रूप से यह चोरी की घटना हमारे लिए एक चुनौती है और इसको लेकर घटना का पता लगने के बाद से ही मामले की तह तक जाने के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दी हैं।

चोरी की वारदात को लेकर जल्द से जल्द इसका खुलासा करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, राजेश कामरा, बलदेव सिंह, गौरव मुंजाल, मनीष मुंजाल, सोनी चावला, गुरविंदर सिंह, अभिषेक गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार देर रात रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चिलकिया निवासी 20 वर्षीय राजेंद्र राम ने संधिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय चला जब परिजनों ने युवक को फंदे पर लटका हुआ देखा। जिसके बाद परिवारजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल रामनगर लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों का कहना है कि युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक सामान्य स्वभाव का था और इस तरह की घटना से गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार सुबह सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के असली कारणो का पता चल सकेगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम NEHA PANDEY नेहा पाण्डे (पुराना नाम) से बदलकर NEHA JOSHI नेहा जोशी (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे NEHA JOSHI W/O KAMAL JOSHI (नया नाम) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

वर्तमान पता एफ-13, प्रबल सिटी, बिगवाडा, अपोजिट आइकॉन स्कूल, रुद्रपुर, तहसील रुदपुर, जिला-ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)-263153

# किसानों ने आयोजित की महापंचायत

- खड़ी फसल रौंदने पर आक्रोशित किसानों ने माना भ्रूण हत्या के समान
- सीएम पुष्कर सिंह धामी के यहां पहुंचने पर उनके समक्ष रखेंगे मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नेपाल से लगी सीमा दमगड़ा मेलाघाट के अशोक फॉर्म निवासी किरन तलवार की 125 एकड़ भूमि में खड़ी हरी भरी लहलहाती फसल रौंदने के विरोध में महापंचायत आयोजित की गई। क्षेत्र के किसानों की महापंचायत को तराई के किसानों की सुरक्षा के लहजे से देखते हुए किसानों ने प्रशासन की देखरेख में हुई कार्रवाई को संवैधानिक बताया।

उन्होंने इस गैर कानूनी कार्रवाई के विरोध में सात जनवरी को यहां पहुंचने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष उठाने व पीड़ित किसान को न्याय दिलाने की मांग का निर्णय लिया है। पीड़ित किसान किरन तलवार के फार्म हाउस पर एकत्रित भारतीय जनता पार्टी संयोजक मनोज शाही किसान मोर्चा की मौजूदगी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने प्रतिभा किया।

यहां एकत्रित किसानों ने एक स्वर में 125 एकड़ में खड़ी मटर, गेहूं, लाई तथा गन्ने की फसल को भारी पुलिस बल व प्रशासन की मौजूदगी में रौंदने के मामले की घोर निंदा की।

उन्होंने इस मामले को भ्रूण हत्या मानते हुए भ्रूण हत्या का मुक. दमा दर्ज कराने की मांग की। वक्ताओं ने बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों से फसल रौंदने के मामले की जांच जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह, दीपक कुमार, मनोज शाही, दीपू मेहरा, रामाधार, सत्यनारायण मौर्य, सुंदर सिंह अन्ना, दया किशन, मलकीत सिंह, गोपाल बोरा, विजय यादव, अमरीक सिंह, चरणजीत सिंह, वचन गुप्ता, सुरजीत सिंह मल्ली, दीपक विश्वास, सुंदर सिंह, सतनामाली, राम भरोसे, प्रेम प्रकाश, खेम सिंह, विजय सिंह, मदन खड़ायत आदि सम्मिलित थे।

# भावना ओली ने दूसरी बार यूजीसी नेट भूगोल में पाई सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट की होनहार छात्रा भावना ओली ने दूसरी बार भूगोल विषय से यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भावना ग्राम गौशनी खेतीखान की मूल निवासी हैं।



भावना ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से वर्ष 2022 में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गौरा देवी मेडल एवं वाइस चांसलर मेडल हासिल किया था। वहीं वर्ष 2024 में उन्होंने भूगोल विषय में स्नातकोत्तर परीक्षा 85.56 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। पिछले वर्ष उन्होंने यूजीसी नेट 97.867 परसेंटाइल के साथ पास किया था, जबकि इस वर्ष उनकी परसेंटाइल 97. 340 रही। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता सहित भूगोल विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. लता कैड़ा, डॉ. सुमन पांडेय व डॉ. उपेंद्र सिंह चौहान तथा समस्त विभाग व शोधार्थियों ने भावना को शुभकामनाएं दी हैं।

## एक नजर

# नगर निगम के एक वर्ष के कार्यकाल के पूरे होने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** नगर निगम के एक वर्ष के कार्यकाल के पूरे होने के उपलक्ष्य पर नगर निगम हाल में एक साल बेमिसाल का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के कार्यक्रम के तत्पश्चात माग खिचड़ी का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉक्टर दीपक सैनी द्वारा नगर निगम द्वारा किए गए एक वर्ष के सफल कार्यकाल का पूर्ण विवरण रखा गया। तत्पश्चात नगर निगम के कर्मचारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के सह नगर आयुक्त राजदेव जयसी, महापौर कल्पना देवलाल, नगर निगम के सभी पार्षद गण, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, दीपिका बोरा, चंद्रा पंत, राजेंद्र सिंह रावत, जगत सिंह खाती, लक्ष्मी मेहता, राकेश देवलाल, कविंद्र शाह ठुलघरिया आदि मौजूद रहे।

# पुलिस आपके द्वार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को चलाए जा रहे विशेष अभियान पुलिस आपके द्वारा के कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस घ्की टीम द्वारा नगर के विभिन्न विधालयो में पुलिस घ्आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विद्यालय की छात्र व छात्राओं व शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाये जा रहे पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।पुलिस टीम द्वारा नगर के गोशन स्कूल , गुरुनानक इण्टर कालेज के साथ ही नगर में केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जा कर कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में साइबर संबंधी अपराध नशा मुक्ति डायल 112, व महिला अपराध इमरजेंसी नंबरों व गौरा शक्ति एप के बारे में जागरूक किया । प्रभारी उमेश कुमार द्वारा बताया गया की महिलाओं एवं स्कूली छात्राओ की सुरक्षा के लिए सरकार एवं प्रशासन द्वारा सहायता नम्बर उपलब्ध कराये गये हैं, कठिन परिस्थितियों में सहायता नम्बरो पर शिकायत व सचूना देने पर सहायता उपलब्ध होगी।

यहा कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक नवल किशोर, जगद. ीश कोहली, महिला सिपाही विद्या रानी शामिल हैं।

# मुनस्यारी की न्याय पंचायत नाचनी में लगा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड मुनस्यारी की न्याय पंचायत नाचनी में राजकीय इंटर कॉलेज नाचनी में शिविर का आयोजन जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में ब्लॉक प्रमुख मुनस्यारी डा. कविता दानू महर सहित 65 जनप्रतिनिधियों एवं 155 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 650 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 776 लाभार्थियों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 214 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 181 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 33 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद पिथौरागढ़ की कुल 64 न्याय पंचायतों में से अब तक 42 न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा आज न्याय पंचायत नाचनी में 43 वें शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर का मुख्य उद्देश्य विभागीय स्टालों के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर में स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी जाने वाली समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विकास भवन में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसके माध्यम से सभी प्रकरणों पर फॉलो-अप कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

यहां जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख नरेन्द्र सिंह धामी समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में कई समस्याएं उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम नदन्ना पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान माया जोशी की अध्यक्षता एवं एई सुधीर कुमार जल जीवन के मिशन के संच. ालन में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपनी उपलब्धियां की जानकारी दी।

बैठक में ग्राम प्रधान माया जोशी ने खकरा नाले में पिचिंग, एनएच125 बायपास जंक्शन 560 में पुलिया निर्माण, उरेडा से सोलर लाइट, लोनिवि गांव की कच्ची सड़कों को पक्की सीसी व टाइल रोड, खकरा नाले में किसानों के आने-जाने के लिए पुलिया, नीला पोखरिया के घर के समीप विद्युत पोल एवं नाली निर्माण की समस्याएं रखी। उन्होंने बैठक में सम्मिलित ग्रामीण एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में वीर सिंह, नीला पोखरिया, सोनम देवी, हर सिंह थापा, मिथलेश देवी वार्ड सदस्य सहित सोनी देवी, सोनी आर्य, नागेश्वरी देवी, अजय राणा, भास्कर जोशी, कलावती देवी, बबिता गोबाड़ी, गीता पोखरिया, बिंदु देवी, रेनू खड़का, सरला देवी, बबिता बिष्ट, पुष्पा ऐरी आदि मौजूद थे।

# समुदाय आधारित संगठनों के क्षमतावर्धन को 30 सदस्यीय अध्ययन दल गुजरात रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति की ग्रामोत्थान परियोजना के सहयोग से राज्य के 13 जनपदों से चयनित 30 सदस्यों का अध्ययन एवं प्रशिक्षण भ्रमण दल आज देहरादून से गुजरात के लिए रवाना हुआ। इस दल में चंपावत जनपद से ग्रामोत्थान परियोजना के दो सदस्य भी शामिल हैं।

कार्यक्रम प्रबंधक एवं भ्रमण संयोजक डॉ. विनय गुणवंत ने बताया कि इस तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य स्वायत्त सहकारिताओं एवं कृषक उत्पादक संगठन में सुशासन, व्यवसाय संचालन, विपणन कौशल एवं वित्तीय प्रबंधन की व्यवहारिक समझ विकसित करना है। भ्रमण के दौरान दल द्वारा आनंद मिल्क यूनियन (अमूल डेयरी), इरमा, आईसीड फाउंडेशन, सेवा महिला बैंक सहित गुजरात की सफल सहकारिताओं एवं मॉडल कार्य क्षेत्रों का अध्ययन किया जाएगा। भ्रमण दल में उपायुक्त ग्राम्य विकास नरेश कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. विनय गुणवंत, अमित कुमार, दीपा सहित टिहरी, उत्तरकाशी, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा एवं हरिद्वार जनपदों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# डायट में संपन्न जनपद 'रंगोत्सव' समारोह में छात्र-छात्राओं ने बिखेरे संस्कृति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) लोहाघाट में जिला स्तरीय रंगोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्र, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




डॉ. मिश्र ने समारोह को बच्चों की कला प्रतिभा को उचित सम्मान देने और एक दूसरे से प्रेरित होकर कलात्मक अभिवृत्ति के विकास का एक बेहतरीन माध्यम बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी ने बताया कि प्राथमिक स्तर में क्ले अथवा मिट्टी की आकृतियां, उच्च प्राथमिक स्तर पर उत्तराखंड की लोक संस्कृति तथा माध्यमिक स्तर पर ऐपण कला कार्यक्रम के मुख्य विषय थे। विकासखंड स्तर से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर में चयनित कुल 30 छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। यहां जिला पंचायत सदस्य जनकांडे, अशोक माहरा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर मुकेश कुमार, हरीश गहतोड़ी, डॉ आशुतोष वर्मा, कृष्ण सिंह ऐरी, डॉ लक्ष्मी शंकर यादव, नवीन उपाध्याय, रवीश पचौली, भुवन गड़कोटी, सुभाष गहतोड़ी, शीला जोहार, रणजीत राणा, सुभाष गहतोड़ी, मीता वर्मा, ममता कुमारी, नेहा भट्ट, गीता पुनेठा, रेखा विश्वकर्मा, भगवती जोशी आदि उपस्थित रहे।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में 128 शिकायतें दर्ज, अधिकांश का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट ।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आज रामलीला मैदान, नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की। इस अवसर पर नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 128 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से अधिकांश का तत्काल मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर के दौरान नागरिकों द्वारा केंद्रीय विद्यालय के निमार्णाधीन भवन के विस्तार में आड़े आ रहे बिजली पोलों को अन्य स्थान स्थापित करने को समाजसेवी सचिन जोशी का कहना था इस बांधा के कारण भवन का निर्धारित समय पर पूर्ण होंना संभव नहीं है। जिसके लिए तत्काल करवाही की जानी चाहिए वहीं मनोज कापड़ी ने ने कृषि विज्ञान केंद्र को लिलियम की खेती के लिए स्वीकृत एक करोड़ रुपये की धनराशि को किवी उत्पादन में उपयोग करने तथा केन्द्र के माध्यम से



प्रो - ट्रे के माध्यम से उन्नत सब्जी पौध तैयार कर किसानों को वितरित करने की मांग रखी। जिसे जिलाधिकारी द्वारा सही मांग बताई गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की समस्याओं को नजदीक से समझने और त्वरित समाधान का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर तिलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी रीता गहतोड़ी ने नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के यौवन और जीवन दोनों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने शिविर के संचालन में भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# एआरटीओ व विधायक ने राहगीरों को पहनाए हेलमेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु एआरटीओ परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए हेलमेट लगाओ जगरूकता अभियान कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा और एआरटीओ व परिवाहन विभाग की टीम ने गाबा चौक पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले राहगीरों को हेलमेट पहनाकर सड़क दुर्घटना के प्रति लोगों को जगरूक किया।

- सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट लगाने को बताया अनिवार्य

इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा प्रतिवर्ष पांच लाख घटना होती हैं, जिसमे अनुमानित 1.5 लाख लोगों को सड़क दुर्घटना में जान गवानी पड़ती है। ऐसे में 70 प्रतिशत सड़क दुर्घटना में जान बचने की दुपहिया वाहनों में मुख्य कारण यह होता है कि उन्होंने ट्रेवल के दौरान हेलमेट पहना होता है। इसलिए यह एआरटीओ परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान लोगों को उनकी जान की कीमत बताने व सचेत करने वाला है। दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि हेलमेट अवश्य पहनें एक हेलमेट आपकों मृत्यु के जाल में जाने से बचा सकता है। इस दौरान एआरटीओ मोहित कोठारी, एआरटीओ नवीन सिंह, टीएसई गोकुल सिंह, टीएसई मनोज भंडारी, टीआई महेंद्र सिंह, टीआई गणेश जोशी, गौरव सिंह व पवन खुराना, कुलविंद्र सिंह, उदय प्रताप, अनुज छाबड़ा, आकाश शर्मा, नंदन सिंह, मदन सिंह, मनोरमा, मंतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# औषधियों की अवैध बिक्री की रोकथाम को चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** औषधि विभाग ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कोडीन युक्त कफ सिरप एवं अन्य मन: प्रभावी औषधियों की अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए के रामनगर क्षेत्र में जागरूकता एवं प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की गई।

वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नैनीताल मीनाक्षी बिष्ट एवं औषधि निरीक्षक अर्चना द्वारा मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान मेडिकल स्टोर संचाल. कों को निर्देशित किया गया कि सभी एंटीबायोटिक्स औषधियां केवल पंजीकृत चिकित्सक के वैध चिकित्सकीय पर्चे पर ही विक्रय की जाएं। मेडिकल स्टोर संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक औषधि विक्रय पर विधिवत कैश मेमो/बिल जारी किया जाए और उसका पूर्ण अभिलेख नियमानुसार संधारित किया जाए।

# संदिग्ध पेय के सेवन से दो की मौत, एक गंभीर, पुलिस जांच में जुटी

- मौके से शराब की बोतलें व संदिग्ध तरल पदार्थ जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गुरुवार की शाम को संदिग्ध पेय पदार्थ पीने से दो लोगों की मौत हो गई तथा एक की हालत गंभीर है जिसका इलाज चल रहा है।

बीते गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे खटीमा पुलिस को सूचना मिली कि शराब के सेवन के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं सूचना के बाद वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित मोहन सिंह रावल मय पुलिस बल के नागरिक अस्पताल खटीमा पहुंचे। जहां कंजाबाग खटीमा निवासी दिल्लू राणा 52 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मलकीत सिंह राणा एवं प्रवेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर राम मूर्ति स्मारक अस्पताल



भोजीपुरा रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान मलकीत सिंह राणा की भी मौत हो गई। उपचार कर रहे चिकित्सक डॉक्टर बीपी सिंह ने बताया कि मृतक व घायलों से तीव्र केमिकल जैसी गंध आ रही थी जिससे यह आशंका है कि उन्होंने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। वहीं अस्पताल पहुंचने वाले प्रत्यक्षदर्शी श्रवण कुमार ने बताया कि तीनों व्यक्तियों ने शाम को 8 पीएम ब्लैक शराब के दो क्वार्टर मंगवाए थे और वहां से बाहर गए थे वापस लौटने पर दिल्लू राणा की तबीयत बिगड़ गई और उल्टियां करने लगे जिस पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

वहीं पुलिस ने जांच के दौरान 8 पीएम ब्लैक के दो खाली क्वार्टर, एक खाली आधा बोतल, एक संदिग्ध प्लास्टिक बोतल तथा उल्टी के नमूने को सील कर कब्जे में ले लिया। जिसमें संदिग्ध बोतल से अत्यधिक तीव्र गंध पाई गई। वहीं सभी बरामद सामग्री को सील कर फोरेंसिक जांच हेतु भेज दिया गया। इस दौरान प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि मृतकों और घायलों के पास गाड़ी में एक बोतल में संदिग्ध रासायनिक तरल था जिसे उन्होंने पानी समझकर शराब में मिलाकर पी लिया था।

वहीं एक गंभीर बीमार को राम मूर्ति स्मारक अस्पताल भोजीपुरा में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। वहीं इस मामले में पुलिस टीम द्वारा आगे की गहन जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में दो डॉक्टर गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रामनगर।** शुकवार सुबह नेशनल हाईवे 309 पर रामनगर से आगे रिंगोड़ा के पास एक पिकअप वाहन और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार दोनों युवक-युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बरेली स्थित रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में एनेस्थेजिया विभाग के पीजीजेआर सेकंड ईयर के डा. प्रस्तुति और डॉ. अभिषेक के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार दोनों डॉक्टर गर्जिया की ओर जा रहे थे, तभी रिंगोड़ा के पास उनकी कार की सामने से आ रहे पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय स्तर पर बंजी जम्प में कार्यरत कुछ युवाओं ने मानवता दिखाते हुए तुरंत घायलों की मदद की। उन्होंने बिना देर किए दोनों घायलों को अपने निजी वाहन से रामनगर स्थित रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल पहुं. चने पर चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. तौहिद ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह हुई। दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि दोनों घायल डॉक्टर हैं। महिला डॉक्टर डॉ. प्रस्तुति के सिर पर व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें सिर की हड्डियां तक दिखाई दे रही थीं।

वहीं डॉ. अभिषेक के पैरों और कूल्हे में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सक डॉ. तौहिद ने बताया कि घायलों की हालत गंभीर होने के चलते और स्वयं घायलों के आग्रह पर दोनों को बेहतर इलाज के लिए रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



# नहर किनारे अतिक्रमण पर दुकानों के बिजली कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर क्षेत्र के महतोष मोड़ पर नहर किनारे सरकारी भूमि पर अवैध रूप से संचालित दुकानों के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दुकानों के बिजली के कनेक्शन काट दिए गए। वहीं विधायक शिव अरोरा ने वैकल्पिक व्यवस्था तक बिजली बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को एसडीएम ऋचा सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार लीना चंद्रा, ऊर्जा निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से ली गई बिजली आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से काट दिया गया और दुकानदारों को निर्धारित समय के भीतर सरकारी भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्रशासन के अनुसार, नहर किनारे लगभग 105 दुकानों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिससे नहर की सफाई, जल प्रवाह और सुरक्षा



व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता हरीश जोशी, एसडीओ प्रकाश चंद्र, जेई सुभाष चंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इधर, कार्रवाई की सूचना मिलते ही रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों की समस्याएं सुनते हुए रोजी-रोटी का मुद्दा उठाया और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। विधायक ने वैकल्पिक व्यवस्था या ठोस समाधान निकलने तक बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद माहौल कुछ शांत हुआ। दुकानदारों ने वर्षों से दुकान लगाकर परिवार के भरण-पोषण की बात कही, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। फिलहाल समाधान के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बनाने का प्रयास जारी है।

# निविदा का वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक

## हाईकोर्ट ने लोनिवि व सरकार से मांगा जवाब



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नैनीताल जिले के तहत गौला गेट हल्दूचौड़ में सड़क निर्माण के कार्य हेतु सुरेश चंद्र बजेठा के टेंडर को तकनीकी आधार पर रिजेक्ट किये जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद निविदा का वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक लगाते हुए विभाग व सरकार से जबाव मांगा है। मामले की सुनवाई अवकाश कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता सुरेश चंद्र बजेठा के मुताबिक लोक निर्माण विभाग ने उनकी तकनीकी निविदा को गलत तथ्यों के आधार पर अस्वीकार किया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग से फिलहाल सफल निविदादाता को वर्क ऑर्डर जारी न करने के निर्देश देते हुए जबाव दाखिल करने को कहा है।

# पीड़ित परिवार को मिले सुरक्षा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भवाली की नाबालिग पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन से पीड़िता की सुरक्षा पुखता करने की मांग की। इस दौरान भाजपा की निवर्तमान प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने दो टूक कहा कि पीड़िता नाबालिग है और साधारण परिवार से आती है।

माता-पिता की कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि का फायदा उठाकर कुछ अवांछित तत्व उस पर नाजायज दबाव बना सकते हैं जिसके लिए पीड़ित व परिवार की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी दिलाई जाएगी व भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान हिंदूवादी नेता कमल मुनि ने पुलिस से क्षेत्र में तत्काल सघन सत्यापन अभियान चलाने की मांग करते हुए कहा कि बाहरी तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करना जरूरी है जिससे इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अधिवक्ता व भाजपा नेता शिवांशु जोशी ने कहा कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए ताकि दोषियों को जल्द सजा मिले। उन्होंने पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने व मामले में एससी एसटी की धारा बढ़ाने की बात कही, वहीं भाजपा नेता आशुतोष चंदोला ने दोषियों पर सखत कानूनी कार्रवाई की मांग की। वार्ता के दौरान भाजपाईयों को पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में शुक्रवार को पीड़िता के न्यायालय में बयान हुए हैं। पीड़िता व परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी साथ ही अलग अलग टीमों के माध्यम से क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान शुरू कर दिया गया है।

## प्लेसमेंट ड्राइव के लिए 202 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के विश्व. विद्यालय प्लेसमेंट एवं काउंसलिंग सेल द्वारा आयोजित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव में 350 छात्र-छात्राओं के पंजीकरण में से 202 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के तहत एमसीए विभाग में आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में 92 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं से प्लेसमेंट के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होने छात्र-छात्राएँ से लेसमेंट सेल द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का लाभ उठाने का कहा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से पहुंचे सुरेन्द्र रावत, गौरव गुसाईं ने बताया कि परीक्षा के परिणाम 4 से 5 दिनों में घोषित किया जाएगा।

## एक नजर

### महाशिवरात्री कांवड़ यात्रा का स्वागत

**नैनीताल।** गोमुख कांवड़ समिति के बैनर तले शुरू हुई सत्रहवीं पद महा. शिवरात्री कांवड़ यात्रा का शुक्रवार को भवाली में टीम शीलू कुमार ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटे युवा नेता शीलू कुमार की टीम ने कांवड़ियों का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत करते हुए उनकी धर्मनिष्ठा की सराहना की। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह कांवड़ टोली हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य नीलकंठ नर्मदेश्वर मंदिर, जजूली (नीलकंठ) पहुँचेगी। यात्रा का नेतृत्व महेंद्र सिंह फर्त्याल कर रहे हैं। टीम शीलू कुमार ने इस अवसर पर कांवड़ियों को सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस दौरान पवन रावत, कबीर साह, तनुजा कनवाल, मनीष तथा जगदीश व तरुण मौजूद रहे।

### कर्मचारियों का दूसरे चरण का प्रदर्शन आज

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा 18 सूत्रीय मांगों के संबंध में चलाए जा रहे आंदोलन के द्वितीय चरण में शनिवार (आज) जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में धरना कार्यक्रम किया जाएगा। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि परिषद द्वारा प्रथम चरण के अंतर्गत गेट मीटिंग कार्यक्रम 15 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सफलतापूर्वक चलाया गया। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार (आज) सुबह 11 बजे से जिला धिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया जाएगा। दूसरी ओर परिषद के प्रांतीय वरिष्ठ संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने परिषद के सभी घटक संगठनों एवं अन्य राज्य कर्मचारी संगठनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में विगत तीन सप्ताह से चलाए जा रहे आंदोलन के पश्चात भी अभी तक सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है जिससे प्रदेश भर के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

### नैनीताल के युवा व्यवसायी गब्बर भाई का निधन



**नैनीताल।** नगर के युवा व्यवसायी अजय सिंह उर्फ गब्बर भाई (45) का निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी समेत दो बच्चों समेत भाईयों व बहनों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार सुनते ही नैनीताल में शोक की लहर छा गयी। बता दें गब्बर भाई अपने भतीजे की शादी में मेरठ (उत्तर प्रदेश) गए थे जहां उनका बीति रात्रि में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मेरठ में कर दिया गया है। गब्बर बेहद मृदुभाषी और व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। वे मल्लीताल पालिका के नजदीक रेस्टोरेंट चलाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके मित्रजनों व संबंधियों में शोक छा गया। उनके आकस्मिक निधन से हर कोई स्तब्ध नजर आया। नैनीताल के व्यापारियों,पत्रकारों समेत विभिन्न संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### आयारपाटा क्षेत्र में तेंदुए सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुओं की दस्तक बढ़ गई है। अब नैनीताल के आयारपाटा क्षेत्र में दो तेंदुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। वन विभाग की ओर से भी सूचनाओं के बाद क्षेत्र में तेंदुओं की दस्तक पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि कुछ दिनों से नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में तेंदुओं के दिखने और कई मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आई हैं। कई बार तेंदुओं को सीसीटीवी में देखा गया है। इधर नैनीताल के आयारपाटा क्षेत्र में एक बार फिर दो तेंदुओं को सीसीटीवी में टहलते हुए देखा गया है। तेंदुओं के टहलने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोगों के लिए क्षेत्र में तेंदुओं का दिखना रोमांचक है लेकिन कई लोग आवासीय क्षेत्र में तेंदुओं की घूसपैठ से डरे हुए हैं। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र लगातार गश्त की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि क्षेत्र में सूचना के बाद गश्त की जा रही है, साथ ही लोगों को देर शाम घर से बाहर न निकलने और लाइट जलाकर रखने की अपील की गई है।

### रात्रि गश्त कर पुलिस नैनीताल में अराजक तत्वों पर रख रही नजर

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते दिनों कई स्थानों पर मारपीट और अराजकता के मामलों के बाद पुलिस एकाएक एकटिव मोड में आ गयी है। पुलिस गश्त के दौरान विशेष रूप से नशेड़ियों और तेज गति में भागने वाले दोपहिंया वाहन सवारों पर नजर रख रही है। बता दें कि नैनीताल में देर रात मालरोड, पंतपार्क, आयारपाटा,डीएसबी परिसर रोड, तल्लीताल, मोहनको चौराहा तथा रूकुट क्षेत्र व सूखाताल में आए दिन रात को लोगों के विवाद होते हैं। जिससे शहर के लोग परेशान रहते हैं। लोगों की कई बार की शिकायतों के बाद पुलिस ने अब इन क्षेत्रों में गश्त शुरू कर दी है। ताकि देर रात शहर में शांति बनी रहे और लोग सुकून की नींद सो सकें। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मल्लीताल के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों पुलिस गश्त कर रही है। गश्त के दौरान नशेड़ियों और सड़क पर तेज गति से बाइक दौड़ाने वालों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है साथ ही नशेड़ियों और अराजक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राफिक एरा में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) हल्द्वानी के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए विश्वविद्यालय समुदाय को तैयार करना था। कार्यक्रम में आरटीओ हल्द्वानी के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अरविंद पांडे, आरटीओ पौड़ी विमल पांडे, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सिंगवान और परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं के सामान्य कारणों पर चर्चा की और हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखने और यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का व्यावहारिक पहलू भी महत्वपूर्ण था, जिसमें राज्य आपदा प्रतिक्रिया दल (एसडीआरटी) ने सड़क दुर्घटना के दौरान प्राथमिक उपचार और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही, अग्निशमन पुलिस टीम ने अग्निशामक यंत्रों और एलपीजी सुरक्षा पर भी सत्र आयोजित किया। समापन के दौरान, आरटीओ टीम ने पांच श्रेष्ठ चालकों को सम्मानित किया और सभी चालकों को प्राथमिक उपचार किट वितरित की। प्रतिभागियों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक कार्यक्रम बताया।

## उत्तरी गौला वन क्षेत्र प्यूड़ा में चला जन जागरुकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** उत्तरी गौला वन क्षेत्र के प्यूड़ा अनुभाग अन्तर्गत आरोही संस्था द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय में वनागनि और मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला विजय चंद्र भट्ट द्वारा विद्यार्थियों और गुरुजनों को विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी भट्ट द्वारा वनाग्नि से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में बच्चों से चर्चा करी और यदि कहीं जंगलों में आग लगी दिखाई दे तो उसे नियन्त्रण करने हेतु अपने घर में अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों से विभाग के साथ नियन्त्रण करने में सहयोग करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने को बताया गया।श्वनाग्नि और मानव वन्य जीव संघर्ष एक दूसरे से किस तरह जुड़े हुए हैं इस बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। श्वनाग्नि के कारण किस तरह वन्य जीव अपने बचाव हेतु आबादी की ओर आने को मजबूर हो जाते हैं और अचानक आमना सामना होने पर मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्तिथि उत्पन्न हो जाती हैजिस हेतु वन क्षेत्राधिकारी भट द्वारा वनाग्नि रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी दी और मानव वन्य जीव संघर्ष से बचाव हेतु कया करें तथा कया न करें की जानकारी दी। गोष्ठी में वन क्षेत्राधिकारी विजय चन्द्र भट्ट के साथ अनुभाग अधिकारी प्यूड़ा बृजेश विश्वकर्मा समेत वन बीट अधिकारी प्यूड़ा वीरपाल सिंह व कपिलेश्वर, बिपिन बिष्ट, पंकज सिंह, हरेंद्र अधिकारी, रोहित सिंह वाहन चालक मनोज कैड़ा आदि उपस्थित रहे।

## वन विभाग ने पटवाड़ागर क्षेत्र के 10 हेक्टेयर में किया प्लांटेशन: शर्मा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वन विभाग की ओर से नलैना पटवाड़ागर क्षेत्र में 10 हेकटेयर में किया गया प्लांटेशन फल-फूल रहा है। प्लांटेशन में लगाए गए बांस, मेहल, तुन, दाड़िम, घिंघारू तथा काफल के पौधे फल



फूल रहे हैं जिससे पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां यहां आ रही हैं। वहीं विभाग लगातार प्लांटेशन को बचाने के लिए सुरक्षा कार्य में जुटा हुआ है। बता दें कि वर्ष 2022 में वन विभाग की ओर से नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा रेंज के पटवाडांगर नलैना क्षेत्र की 10 हेकटेयर भूमि पर प्लांटेशन किया। प्लांटेशन के दौरान विभाग की ओर से बांस, मेहल, तुन, दाड़िम तथा घिंघारू व काफल के पौधे लगाए गए। पौधों को जानवरों से बचाने के लिए क्षेत्र में तारबाड़ भी किया गया, साथ ही क्षेत्र में बारिश का पानी जमा करने के लिए विभाग की ओर से कई चारखाल भी बनाए गए। वहीं हर साल की वनाअग्नि से प्लांटेशन को बचाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। जिसके चलते पांच साल बाद प्लांटेशन के दौरान लगाए गए पौंधे बड़े हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र में पेड़ पौंधों के चलते पक्षियों की कई प्रजातियां जैसे वुडपैकर, तीतर, बटेर, कलीज फीजेंट, फिंच, मैगपाई, हिमालयन बुलबुल, उल्लू व इगल व डब समेत अन्य पक्षी यहां दिखाई दे रहे हैं। जिसको लेकर विभाग की ओर से लगातार क्षेत्र में नजर रखी जा रही है। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल चंद्र शर्मा के मुताबिक क्षेत्र में प्लांटेशन के बाद लगातार नजर रखी जा रही है। पौंधों के बढ़ने और चारखाल में बारिश के दौरान पानी जमा होने यहां पक्षियों की आवाजाही बढ़ रही है।

## छात्र-छात्राओं को दी किशोर न्याय अधिनियम पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों की जानकारी

**कोटद्वार/पौडी।** सेंट थॉमस स्कूल, पौड़ी में बाल अधिकारों, संरक्षण एवं विधिक प्रावधानों को लेकर जनजागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निखिल डेविड ने किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। वहीं प्रज्ञा नैथानी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में यह सेवा बच्चों के लिए मददगार है और तुरंत सहायता उपलब्ध कराती है।

# जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता शुरू

## प्रथम दिवस 47 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए अपने नवाचार



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय नव प्रवर्तन संस्थान के तत्वावधान में तथा राज्य स्तर पर एससीईआरटी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक संचेतना के विकास हेतु संचालित फ्लैगशिप परियोजना के रूप में इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन जनपदीय नोडल अधिकारी एवं मुखय शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल के निर्देशानुसार पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज हल्दूचौड़ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन नैनीताल जिले के धारी, रामगढ़, ओखलकांडा, बेतालघाट एवं भीमताल के 47 बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किये। इंस्पायर प्रदर्शनी में नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के नोएडा केंद्र से पर्यवेक्षक के रूप में आए सुनील कुमार के नेतृत्व में निर्णायक के रूप में सुरेश चंद्र ओझा एवं डा. सचिन पाठक द्वारा योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर के नेतृत्व में भुवन चंद्र मठपाल, डा. दिनेश जोशी, सीमा जोशी तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास के स्टाफ सदस्य कैलाश चंद्र सिंह, मोती सिंह तथा मो. निका नेगी सहित स्काउट गाइड एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों द्वारा योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक डा. हिमांशु पांडे ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रतिभाग लेने वाले प्रत्येक बाल वैज्ञानिक को अपने प्रोजेक्ट निर्माण हेतु 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस वर्ष रिकॉर्ड रूप से नैनीताल जनपद के 174 बच्चों को चयनित किया गया है एवं प्रत्येक को 10 हजार रूपये दिए जायेंगे। जनपद स्तर से चयनित बच्चे राज्य स्तर पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे।

# 'कीवी मैन' भवान सिंह कोरंगा और क्रिकेटर प्रेमा को नंदा शिखर सम्मान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर के भवान सिंह कोरंगा, जिन्हें 'कीवी मैन' के नाम से जाना जाता है, और महिला क्रिकेटर प्रेमा रावत को राज्यपाल द्वारा नंदा शिखर सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें देहरादून में प्राप्त हुआ, जहां भवान सिंह और प्रेमा रावत के परिजनों ने पुरस्कार ग्रहण किया। इससे पहले भी दोनों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। भवान सिंह कोरंगा ने सेवानिवृत्ति के बाद शामा गांव में कीवी की खेती शुरू की थी, जो अब बागेश्वर में कीवी हब बन गया है। वह हर महीने 200 कुंतल से अधिक कीवी का उत्पादन करते हैं और प्रतिवर्ष दस हजार पौधे नर्सरी में तैयार करते हैं। उनकी प्रेरणा से कई लोग रिवर्स पलायन करके कीवी उत्पादन से लाखों की आय कमा रहे हैं। वहीं, प्रेमा रावत, जो वर्तमान में रायल चैलेंजर्स बैंगलूरू की टीम से खेल रही हैं, ने अपनी पहचान महिला क्रिकेट में बनाई है। उन्होंने कपकोट के सुमटी गांव में क्रिकेट खेलकर देश में नाम कमाया है। दोनों को यह सम्मान मिलने पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, विधायक पार्वती दास, सुरेश गढ़िया और अन्य नेताओं ने खुशी व्यक्त की और उन्हें बधाई दी।

## कुष्ठ आश्रम में संगोष्ठी और सह भोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुष्ठ निवारण पखवाड़े के अवसर पर सक्षम (सविता प्रकोष्ठ) ने राजपुरा स्थित कुष्ठ आश्रम में एक विशेष संबोधन संगोष्ठी और सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डीडीआरसी, समाज कल्याण



विभाग और चिकित्सा विभाग की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में सक्षम प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट ललित पंत ने दिव्यांगजनों की सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया। प्रांत उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह ने पूर्व कुष्ठ रोगियों में भिक्षाटन और नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए विशेष कार्यक्रम की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में रामेश्वर नामक पूर्व कुष्ठ रोगी की समस्या पर चर्चा की गई, जिनका आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। सभी विभागों ने समाधान का आश्वासन दिया। संगोष्ठी का समापन प्रांत सह सचिव बीसी गुणवंत और जिला सचिव विनोद जोशी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस अवसर पर नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश पंत और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# अल्मोड़ा बैडमिंटन कप का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के तत्वावधान में आयोजित एवं नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अल्मोड़ा बैडमिंटन कप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करना रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल रहे, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता में अंडर 13 से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक लगभग 140 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सुशील कुमार लाल ने कहा कि नैनीताल बैंक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है। बैंक युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा खेलों को प्रोत्साहन देने तथा समाज के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को सहयोग प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल प्रधान समेत मोहम्मद मोहसिन इस्लाम, दिग्मबर सिंह कठौत तथा जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा की ओर से संरक्षक राम अवतार, अध्यक्ष सुरेश कर्नाटक, सचिव डा. संतोष बिष्ट, उपाध्यक्ष राकेश, उपाध्यक्ष (प्रशासनिक) गोकुल मेहता, उपसचिव संजय बजाज, कोषाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत तथा सलाहकार डा. एसएस फर्त्याल तथा मीडिया प्रभारी डीके जोशी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नैनीताल बैंक के अधिकारीगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।




# जल प्रबंधन पर्यावरणीय मजबूती का आधार

## ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में पर्यावरणीय सततता पर प्रभावशाली संगोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में शिप्रा कल्याण समिति के सहयोग से पर्यावरणीय सततता एवं जिममेदार संसाधन प्रबंधन विषय पर एक प्रभावशाली संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर वर्तमान समय की गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों पर व्यावहारिक और जमीनी समाधानों पर मंथन किया। इससे पूर्व संगोष्ठी का शुभारंभ ग्रीन वेलकम के साथ किया गया जिसमें अतिथि वक्ताओं को पौधे भेंट कर विश्वविद्यालय की ओर से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। तकनीकी सत्र में प्रख्यात पर्यावरण विशेषज्ञ लाल सिंह चौहान (सेवानिवृत कृषि अधिकारी एवं शिप्रा कल्याण समिति के तकनीकी सलाहकार) तथा जगदीश नेगी (अध्यक्ष शिप्रा कल्याण समिति, सदस्य जिला गंगा संरक्षण समिति एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर भवाली) ने अपने व्यापक क्षेत्रीय एवं नीतिगत अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने जल प्रबंधन को पर्यावरणीय मजबूती का प्रमुख आधार बताते हुए स्थल पर जल संरक्षण, रन ऑफ प्रबंधन संरचनाएं, कंटूर ट्रेंचिंग जैसे उपायों पर प्रकाश डाला, जो पर्वतीय क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण एवं मृदा संरक्षण में सहायक हैं।

लाल सिंह चौहान ने असिस्टेड नेचुरल रीजेनेरेशन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्षतिग्रस्त वनों के पुनर्जीवन और स्थानीय जैव विविधता संरक्षण में समुदाय की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया, वहीं जगदीश नेगी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अपने विचार रखते हुए स्रोत पर कचरा पृथक्करण, इको ब्रिक्स तथा प्लास्टिक अपसाइक्लिंग जैसे व्यावहारिक और विस्तार योग्य समाधानों को प्रस्तुत कियाए जिससे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम का समापन नदी पुनर्जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन तथा संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से वास्तविक पर्यावरणीय समस्याओं पर प्रश्नोत्तर किए। समापन सत्र में भीमताल परिसर के निदेशक ने अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके व्यावहारिक अनुभवों से सीखने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में शिप्रा कल्याण समिति एवं सभी अतिथियों के प्रति औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में बना वेस्ट टू वंडर पार्क का लोकार्पण आज

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत नर्सरी रोड़ में स्थित अस्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड में रजत जयंती पार्क (वेस्ट टू वंडर पार्क) और आधुनिक पार्किंग विकसित कि गई है। जिसका उद्घाटन शनिवार को किया जायेगा।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मौजूद रहेंगे। बताते चले कि महापौर आरती भंडारी ने पदभार ग्रहण करते ही वर्षों से शहरवासियों के लिए परेशानी बने इस कूड़े के ढेर को हटाने और बदबू से निजात दिलाने का संकल्प लिया था। जिसके चलते आज यह कार्य पूर्ण हो चुका है। महापौर भंडारी ने कहा कि श्रीनगर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। कहा कि दशकों से कूड़े के ढेर और बदबू से जूझ रहे क्षेत्र को आज एक सुंदर पार्क और उपयोगी पार्किंग के रूप में विकसित किया गया है। यह केवल एक पार्क नहीं, बल्कि शहर के लिए सकारात्मक बदलाव और विकास की सोच का प्रतीक है। पार्क के उद्घाटन समारोह में सुप्रसिद्ध लोकगायक रोहित चौहान कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को विशेष बनाएंगे। इस अवसर पर महादेव पार्किंग एवं रजत जयंती पार्किंग का लोकार्पण, वाल्मीकि चौक का भूमि पूजन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का शिलान्यास, माँ धारी देवी ग्लो-साइन बोर्ड का उद्घाटन, श्वान पशु बंध्याकरण हेतु एबीसी कैंपस का लोकार्पण तथा डांग सिन्द्रिगाड से ऐठाना एवं ग्लास हाउस रोड तक विद्युत स्तंभों का लोकार्पण किया जायेगा।

## पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**श्रीनगर।** चौरास में संचालित एनएसएस कैंप में कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध, यातायात नियमों एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने आनलाइन ठगी, फर्जी काल और ओटीपी साझा करने से होने वाले साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। यातायात नियमों के पालन को लेकर हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने पर विशेष जोर दिया गया।

**विधान सभा सचिवालय, उत्तराखण्ड**
(व्यवस्था अनुभाग)

संख्या : 558 / वि0स0 / 35 / व्यव0 / 2025–26 देहरादून, दिनांकः 06 फरवरी, 2026

**ई–निविदा सूचना**

विधान सभा सचिवालय स्थित जलपान गृह के संचालन हेतु प्रतिष्ठित योग्य फर्मो से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 23 फरवरी, 2026 (सांय 05:00 बजे) तक है।

विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारी हेतु वैबसाईट https://www.uktenders.gov.in पर जायें।

(हरीश कुमार), अनु सचिव

# भारत से मैच का बॉयकाट न करे पाक: श्रीलंका



श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान श्रीलंका में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बॉयकॉट की रिपोर्ट पर फिर से सोचने की अपील की है। उन्होंने इसके गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी है, श्रीलंका के न्यूजवायर ने यह रिपोर्ट दी है। लेटर में, एसएलसी ने कहा कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है, लेकिन 15 फरवरी, 2026 को कोलंबो के आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को छोड़ने का फैसला लिया जा सकता है। लेटर के मुताबिक, श्रीलंका में मैचों, खासकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए टिकटों की बिक्री पूरी हो चुकी है और इसकी बहुत ज्यादा डिमांड देखी गई है, जो लोगों की पहले कभी न देखी गई दिलचस्पी और बड़ी कमर्शियल उम्मीदों को दिखाता है।

एसएलसी ने चेतावनी दी कि इतने बड़े मैच में हिस्सा न लेने के बड़े नतीजे होंगे, जिसमें काफी फाइनेंशियल नुकसान, टूरिज्म की उम्मीद में कमी और बड़े आर्थिक नतीजे शामिल हैं। न्यूजवायर ने बताया कि पाकिस्तान के 15 फरवरी का मैच न खेलने के फैसले की खबरों के बाद श्रीलंका के टूरिज्म और होटल सेक्टर को पहले ही झटका लगा है, कोलंबो के कई होटलों की बुकिंग कैंसल हो गई है। लेटर में यह भी बताया गया कि श्रीलंका क्रिकेट, श्रीलंकाई सरकार के साथ मिलकर, बॉयकॉट के बड़े असर को ध्यान में रखता है, जिसका असर न सिर्फ एसएलसी पर बल्कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शामिल कई स्टेकहोल्डर्स पर भी पड़ेगा। दोनों बोर्ड के बीच पिछले सहयोग को याद करते हुए, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसकी नेशनल टीम ने कई बार मुश्किल और सेंसिटिव हालात में पाकिस्तान का दौरा किया है, जिसमें गंभीर सुरक्षा घटनाओं के बाद के समय भी शामिल हैं, जब दूसरी टीमें दौरा करने से हिचकिचा रही थीं। इसने कहा कि ये दौरे अच्छी नीयत और खेल भावना और आपसी सम्मान की भावना से किए गए थे। एसएलसी ने कहा कि इसलिए वह भी इसी तरह की भावना की उम्मीद करता है, यह देखते हुए कि श्रीलंका ने देश में होने वाले सभी मैचों के लिए सुरक्षा, न्यूट्रैलिटी और प्रोफेशनलिज्म के बारे में पूरा भरोसा दिया है। आखिर में, श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी से भारत बनाम पाकिस्तान मैच का बॉयकॉट करने या उससे कुछ समय के लिए दूर रहने के किसी भी फैसले पर फिर से सोचने का आदरपूर्वक आग्रह किया और टूर्नामेंट, उसके स्टेकहोल्डर्स और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट फैंस के फायदे के लिए पाकिस्तान से श्रीलंका में होने वाले सभी तय मैचों में हिस्सा लेने को कहा।

# वैभव ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका



● इंग्लैंड के खिलाफ 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने महज 55 गेंदों में शतक पूरा किया

**हरारे, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की।

यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जोकि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किए।

वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।

## ICC ने टी-20 विश्वकप के कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप 2026 को जीवंत बनाने को लेकर तीक्ष्ण विश्लेषण, खिलाड़ियों के बेजोड़ अंदाज की कहानी को अपनी जानदार आवाज से श्रोताओं तक पहुंचाने वाले दुनिया के दिग्गज कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की है। आईसीसी की ओर से जारी की गई कमेंटेरों की सूची में जाने-माने ब्रॉडकास्टर रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप इस साल के टूर्नामेंट के लिए डायनामिक कमेंट्री टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आरोन फिंच भी होंगे। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के अन्य पूर्व विजेता भी शामिल होंगे, जिनमें दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं। इस सूची में अन्य दिग्गज नामों में इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन और रमीज राजा शामिल हैं। इस पैनल में खेल की अन्य जानी-मानी आवाजें भी शामिल हैं, जिनमें डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक और केटी मार्टिन शामिल हैं। भारत और श्रीलंका में कमेंट्री लाइनअप को प्रमुख ग्लोबल ब्रॉडकास्टर हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो म्बांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किंस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर और नियाल ओ'ब्रायन ने और मजबूत किया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। चैंपियनशिप, जो 24 घंटे के अंदर शुरू होने वाली है, के लिए राणा की संभावित अनुपलब्धता का संकेत भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया। सूर्यकुमार यादव ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह अभी तक बाहर नहीं हुए हैं, लेकिन संदिग्ध लग रहे हैं। हमें शाम तक पता चल जाएगा। बुधवार को वार्म-अप मैच (मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के दौरान उन्हें थोड़ी चोट लगी थी, लेकिन स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत आज मुंबई के वानखेड़े में अमेरिका से भिड़ेगा।

### चोटिल हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर हुए

**सिडनी, वार्ता।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में शुरू हो रहे टी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, अनुभवी तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। 35 साल के हेजलवुड ने 12 नवम्बर को शेफील्ड शील्ड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती विश्व कप टीम में शामिल होने के बावजूद, तेज गेंदबाज सिडनी में ही रहे, जबकि बाकी टीम इस सप्ताह की शुरुआत से श्रीलंका में हैं। कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले ग्रुप-स्टेज मैच से सिर्फ पांच दिन पहले, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडमेडे ने कहा है कि हेजलवुड समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे।

### गाइडेन ओडेन के खिलाफ पहला एकल खेलेंगे सुमित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप आई फर्स्ट राउंड मैच के लिए ड्रॉ शुक्रवार को यहां एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में घोषित किया गया, जिसमें भारत के टॉप सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल मैच के दोनों दिन घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगे। ड्रॉ के अनुसार, शनिवार को पहले दिन नागल का मुकाबला नीदरलैंड्स के गाइडेन ओडेन से होगा। इसके बाद भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर जान रेंस डी जोंग के बीच दूसरा सिंगल्स मैच होगा, जिन्हें डच टीम का नंबर दो खिलाड़ी चुना गया है। रविवार, दूसरे दिन डबल्स मैच से मैच शुरू होगा, जिसमें भारत ने युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपनी जोड़ी के तौर पर चुना है। उनका सामना डच जोड़ी सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। डबल्स के बाद, रिवर्स सिंगल्स होने हैं, जिसमें नागल जोंग के खिलाफ कोर्ट पर वापसी करेंगे।

# टी-20 विश्व कप थीम पर बन रही बनारसी साड़ी



● साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है

**वाराणसी, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के आगाज से पहले वाराणसी में विश्व कप थीम पर विशेष बनारसी साड़ियां तैयार की जा रही हैं।

काशी के साड़ी व्यापारी एवं काश्यम सृजन फाउंडेशन के ट्रस्टी सर्वेश श्रीवास्तव ने भारतीय क्रिकेट टीम के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह पहल की है। लोहता स्थित कारखाने में हैंडलूम कारीगर इन साड़ियों को बुन रहे हैं। साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है। साड़ियों पर विश्व कप ट्रॉफी, बल्ला, गेंद, स्टंप और पिच सहित विभिन्न क्रिकेट प्रतीकों को जरी और ब्रोकेड कतान शैली में उकेरा गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व भी वे विभिन्न विश्व कप अवसरों पर थीम आधारित बनारसी साड़ियां तैयार करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति अपने लगाव के कारण उन्होंने बनारसी शिल्प को क्रिकेट से जोड़ने का प्रयास किया है। इन विशेष साड़ियों में 1983, 2007 टी-20, 2011 और 2024 टी-20 विश्व कप सहित महिला विश्व कप विजेता टीम की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। बुनकर बहादुर और उनके सहयोगी इन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इन साड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप देना चाहते हैं। एक साड़ी की अनुमानित कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कोयल बोर ने तीसरे दिन पांच रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर, वार्ता।** नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 आज यादव फार्म हाउस में जारी रही, जिसमें यूथ, जूनियर और सीनियर डिवीजन में महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में शानदार टैलेंट दिखाया गया। ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बोर ने पोडियम पर अपना दबदबा बनाया, कोयल बार ने यूथ सेक्शन में 3 नए नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़े, जिसमें स्नैच में 78 किग्रा, क्लीन एंड जर्क में 99 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 175 किग्रा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और जूनियर सेक्शन में 2 रिकॉर्ड बनाए, जिसमें स्नैच में 81 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 181 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा (पुराने रिकॉर्ड इंडियन स्टैंडर्ड के थे)। इस कॉम्पिटिशन में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार परफॉर्मेंस दी, जिन्होंने सीनियर डिवीजन में 186 किग्रा के शानदार टोटल के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके ठीक पीछे पश्चिम बंगाल की कोयल थीं, जिन्होंने कई कैटेगरी में शानदार परफॉर्मेंस दी। कोयल ने सीनियर सेक्शन में सिल्वर मेडल जीता और जूनियर और यूथ दोनों सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किए।

# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में पहुंची



● बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज दल ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं

**ला नुसिया, वार्ता।** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गई, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंजी राइट को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5-0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पिंग चिया-फेंग को 5-0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया।

# पहलवान नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जाग्रेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिंग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन प्प से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फ्रांस के एडलान विस्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल को. सिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमे. रिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए।

# टॉप सीडेड रुतुजा भोसले ने किया उलटफेर

● रुतुजा भोसले और पेगटार्न प्लिप्यूच को भी हार का सामना करना पड़ा, लिली ने टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया

**मुंबई, वार्ता।** एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में सिंगल्स और डबल्स मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फांगरान टियान ने दिन का सबसे शानदार नतीजा दर्ज किया, उन्होंने टूर्नामेंट की चौथी सीड हैने वैंडविकेल को बाहर कर दिया।

डबल्स कैटेगरी में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, लिली टैगर ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले राउंड में जगह बनाई। लानलाना तारारुडी और तातियाना प्रोजोरोवा ने भी सिंगल्स ड्रॉ में जीत हासिल की। दिन की शुरुआत एक बड़े उलटफेर के साथ हुई, जब चीन की फांगरान टियान ने चौथी सीड और वर्ल्ड नंबर 135 महिला सिंगल्स खिलाड़ी, हैने वैंडविकेल को ढाई घंटे तक चले कड़े मुकाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। टियान, जिन्होंने पहले राउंड में अपनी पहली डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ जीत भी हासिल की थी, ने सेंटर कोर्ट पर पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुंबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच कोर्ट 1 पर, थाईलैंड की लानलाना तारारुडी और दक्षिण कोरिया की पार्क सो-ह्यून के बीच एक और लंबा मुकाबला हुआ। पहला सेट हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली तारारुडी ने बाकी दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए मैच 3-6, 6-3, 6-0 से जीत लिया, यह मुकाबला दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सातवीं सीड और वर्ल्ड नंबर 128 महिला सिंगल्स खिलाड़ी, लिली टैगर ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी पावरफुल सर्व और एक-हाथ वाले बैकहैंड एक्शन का जबरदस्त इस्तेमाल किया और गेम को छह ऐस के साथ खत्म किया, जिससे शिमिजु को कभी सेटल होने का मौका नहीं मिला। 2025 जूनियर रौलां गैरो की विनर का मुकाबला दूसरी सीड और 2024 की मुंबई ओपन चैंपियन, डारजा सेमेनिस्टाजा से होगा। नौवीं सीड तातियाना प्रोजोरोवा ने 19 साल की किस्टियाना सिदोरोवा को 6-4, 6-1 से हराकर मैच सीधे सेटों में जीत लिया। फिलीपीन महिला ओपन की सेमीफाइनलिस्ट प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट में बेहतरीन बेसलाइन कंट्रोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल स्टेज में जगह बनाई। डबल्स क्वार्टर फाइनल में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और थाईलैंड की पेंगटार्न प्लिप्यूच का मुकाबला सेंटर कोर्ट पर निकोल फोसा ह्यूगो और उनकी पार्टनर मनंचया सवांगकेव से हुआ। पहला सेट जीतने के बाद, भारत की नंबर 1 महिला खिलाड़ी रुतुजा और प्लिप्यूच अपनी शुरुआती सफलता को दोहरा नहीं पाईं, क्योंकि फोसा ह्यूगो और मनंचया ने टाईब्रेकर में जीत हासिल की और 4-6, 6-1, (11-9) से मैच जीत लिया।

## नीदरलैंड टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार: पॉल हारहुइस

● कहा: पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की

**बेंगलुरु, वार्ता।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले के लिए न सिर्फ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है। शहर की ऊंचाई के हिसाब से खुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मजबूत समर्थन से फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं,ु और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा कि यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिए हैं - जो कि मुकाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज्यादा हैं। हारहुइस ने दोपहर और शाम के मैचों के बीच खेलने की परिस्थितियों में अंतर पर भी ध्यान दिया, और कहा कि टीम सभी स्थितियों के लिए तैयार है। ज्यादातर घरेलू दर्शकों का सामना करने पर, उन्होंने कहा कि हमें दर्शकों की एनर्जी पसंद आती है, भले ही वह हमारे खिलाफ हो। हमें अपनी टीम और घर से बहुत अच्छा सपोर्ट मिलता है, जो हमें मोटिवेट करता है। विदेशी टीम ने टेनिस कोर्ट से परे स्थानीय संस्कृति को भी एक्सप्लोर किया है। हारहुइस ने बताया कि अगर टीम जीतती है तो वे फैंस का मनो. रंजन करने के लिए एक खास बेली-डांसिंग परफॉर्मेंस देंगे, जो उनके रहने के दौरान मुकाबले और भाईचारे के मेल को दिखाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म करते हुए, कप्तान ने कहा कि टीम ध्अच्छी तरह से तैयार है और खेलने के लिए उत्साहित है, और शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले मुकाबले के लिए उत्सुकता जताई।

# फ्लू से लड़कर मंधाना ने RCB को जिताया खिताब

### आरसीबी के कोच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि स्मृति मंधाना को तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी



**वडोदरा।** स्मृति मंधाना ने फ्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जिताया, बल्कि खुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आईं और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब आज दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी।' यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिसाब से भी यह पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी। शुरुआत में उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी जॉर्जिया वॉल को स्ट्राइक दी और फिर अपने खेल के रफ्तार को भी बढ़ाया। पांचवें ओवर के अंत में मंधाना पांच गेंदों पर छह रन पर थीं, उसके बाद उन्होंने तबाही मचानी शुरू की। उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दिल्ली की स्पिन गेंदबाजी को कैसे तोड़ा। आरसीबी की इकलौती बाएं हाथ की बल्लेबाज होने के नाते, मंधाना ने श्री चरणी की बाएं हाथ की स्पिन पर हमला किया, जो वडोदरा चरण में काफी असरदार रही थीं। इससे डीसी की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मंधाना ऐसे जोन में थीं, जहां वह एक जैसी गेंदों को अलग-अलग जगह भेज रही थीं। वह कभी पीछे हटकर शॉर्ट गेंद को प्वाइंट के ऊपर से मार रही थीं, तो कभी स्टंप्स के एक्रॉस जाकर उसी तरह की गेंद को लॉन्ग-ऑन और डीप मिडविकेट के बीच उड़ा रही थीं। इतना अनुभव होने के बावजूद स्नेह राणा के पास भी मंधाना के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। आरसीबी ने हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाई और मंधाना का पीछे हटकर राणा को वाइड लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से इनसाइड आउट मारना इसकी एक बानगी भर थी। उन्होंने इस सीजन का अंत टॉप स्कोरर के रूप में 377 रनों के साथ किया। रंगराजन ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी बेहतरीन पारियों में से एक को फाइनल के लिए बचाकर रखा था। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, वह अमानवीय? मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं। इतनी क्लासी, इतनी एलिगेंट, ऐसा नहीं लगा कि वह दबाव में हैं। उन्हें देखकर साफ दिख रहा था कि वह पूरी तरह नियंत्रण में थीं। वह गेंद को टाइम कर रही थीं, हिट कर रही थीं और तय कर रही थीं कि कहां आक्रमण करना है। उन्होंने मैच से दो दिन पहले अभ्यास किया था और हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर काफी बातचीत कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनका आखिरी अभ्यास सत्र (बुधवार को) उनके बेहतरीन सत्रों में से एक था। सोच में यह बदलाव लीग के आखिरी मैच में आया, जब आरसीबी लगातार दो हार के बाद वापसी करना चाह रही थी। प्ले-ऑफ में उनकी जगह पक्की थी, लेकिन उन्होंने यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर अपनी टीम को सीधे फाइनल में पहुंचा दिया। यह पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि उन्होंने तेज खेलने के साथ-साथ शॉट चयन

### मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के घोसीपुरा में पुरानी रंजिश व अवैध खनन की शिकायत करने पर

# युवक को खनन माफिया ने जमकर पीटा, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घोसीपुरा में खनन की शिकायत करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। गांव निवासी हाकम सिंह ने क्षेत्र में चल रहे खनन की शिकायत खनन विभाग से कर कार्रवाई की मांग की थी। शुक्रवार को खनन टीम हाकम सिंह को साथ लेकर मौके पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद खनन माफियाओं ने अचानक हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि हमलावरों के तेवर इतने आक्रामक थे कि खनन टीम को अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा। इसी दौरान खनन माफियाओं ने हाकम सिंह को बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हाकम सिंह को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया



गया। उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।कोतवाली प्रभारी

**पीड़ित को मंगलौर कोतवाली पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, आरोपी फरार**

अमरजीत सिंह ने बताया कि ग्राम घोसीपुरा में जेसीबी से मिट्टी खनन चल रहा था वही हाकम सिंह खनन टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचा तो खनन माफिया द्वारा उसके साथ मारपीट की गई जिससे उसके चोट आई है और उसे रूडकी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनका कहना है कि तहरीर आने पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## नन माफियाओं के हौसले बुलंद खनन टीम ने भी भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जनपद में अवैध खनन का खेल हर तरफ जारी है और खनन माफियाओं के हौसले कितने बुलंद है इस बात का अंदाजा है इसी बात से लगाया जा सकता है कि शिकायतकर्ता को खनन टीम के साथ जाना अपनी जान बचाने के लिए उल्टे पैर भागना पडा। पीडित को भी मंगलौर कोतवाली पुलिस ने जाकर बचाया और अस्पताल भर्ती कराया। तो पीडित की जान बच पायी वरना ऐसा लग रहा था कि शिकायतकर्ता का आज बचना मुश्किल है।

बताया जा रहा है कि पीडित की आरोपियों से पुरानी भी रंजिश हैं क्योंकि शिकायर्ता उनके अवैध काम की लगातार शिकायत करता रहता है जिससे आरोपी पहले से ही रंजिश रखते हैं। बताते हैं कि जैसे ही खनन की टीम शिकायतकर्ता को साथ लेकर जब मौके पर पहुंची तो खनन माफियाओं ने पहले तो देखते ही शिकायकर्ता को गाली गलोज करते हुए पीटना शुरू कर दिया और खनन की टीम पर भी आग बबूला हो गए और फिर शिकायकर्ता के साथ मारपीट के दौरान हालत बिगड़ने पर खनन की टीम तो चुपचाप वहां से भाग आई लेकिन शिकायतकर्ता को लाठी डंडों से जमकर कूटते रहे। सूचना पर तुरंत ही मंगलौर कोतवाली पुलिस पहुंची तो आरोपी वहो स फरार हो गये लेकिन गंभीर हालत में पीडित को कोतवाली ने खुद अस्पताल पहुंचाया और हालत गंभीर होने पर हायर सैंटर रेफर किया गया। वहीं मंगलौर कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। इस घटना से साफ हो गया है कि जनपद में खनन माफिया के हौसले कितने बुलंद हैं अब से पहले भी कई क्षेत्रों में खनन माफियाओं ने शिकायतकर्ताओं के साथ मारपीट की है वहीं खनन  टीम के साथ भी खनन माफियाओं द्वारा अभद्रता करना आम बात है। तो ऐसे में किस तरह खनन माफियाओं पर अंकुश लगेगा यह खनन माफिया प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

### आठ पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी

## नताशा रुड़की व अभिनय मंगलौर के सीओ नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** नव नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक के जनपद आगमन के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। जारी आदेश के अनुसार अधिकारियों को निम्नानुसार दायित्व दिए गए हैं-जितेंद्र चौधरी-पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) निशा यादव ख्र पुलिस अधीक्षक (तकनीकी एवं महिला सुरक्षा), सुरेंद्र प्रसाद बलूनी ख्र क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन/ कार्यालय, संजय चौहान ख्र क्षेत्राधिकारी सर्किल ज्वालापुर / आंकिक कार्यालय, नताशा सिंह क्षेत्राधिकारी सर्किल रुड़की, अभिनय चौधरी ख्र क्षेत्राधिकारी सर्किल मंगलौर, देवेंद्र सिंह नेगी ख्र क्षेत्राधिकारी सर्किल लक्सर, विपेंद्र सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात/ कुंभ मेला 2027/ थाना बुग्गावाला।

## बहुउद्देशीय मंगलौर पूर्वी किसान सहकारी समिति की नीलम निर्विरोध संचालक निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बहुउद्देशीय मंगलौर पूर्वी किसान सेवा सहकारी समिति लिव के निर्वाचन क्षेत्र मुण्डलाना प्रथम की रिक्त हुई संचालक की सीट पर हुई नामांकन प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारी जसदीप कुमार ने आज नीलम पत्नी अमरजीत निवासी मुण्डलाना को निर्विरोध संचालक निर्वाचित घोषित किया।

जानकारी के अनुसार निर्वाचन अधिकारी जसदीप कुमार ने बताया कि नवंबर में हुई चुनावी



प्रक्रिया में निर्वाचन क्षेत्र मुंडलाना प्रथम से निर्वाचित हुए संचालक सुरेशपाल का निधन होने के कारण रिक्त हुई सीट पर नामांकन प्रक्रिया में एक ही नामांकन नीलम पत्नी अमरजीत निवासी मुण्डलाना द्वारा दाखिल किया गया, एक ही नामांकन दाखिल होने पर आज नीलम पत्नी अमरजीत निवासी मुण्डलाना को निर्विरोध संचालक निर्वाचित घोषित किया गया, इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक अजय कुमार, चेयरमैन अवनीश सिंह, वाईस चेयरमैन सन्नी कुमार समेत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे!

## आज रुड़की में चलेगा स्वच्छता अभियान

रुड़की। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आगामी 7 फरवरी को जिला प्रशासन एवं रुड़की नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से महा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर आज नगर निगम सभागार में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक दीपक रामचंद्र सेठ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रुड़की की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, सामाजिक एवं शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल रहे। पत्रकारों को जानकारी देते हुए राकेश चंद्र तिवारी, मुख्य नगर आयुक्त, रुड़की नगर निगम ने बताया कि यह महा स्वच्छता अभियान मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगर निगमों एवं नगर निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर रैंक दिलाना है, वहीं हरिद्वार जनपद को मॉडल सिटी के रूप में नंबर-वन रैंक पर पहुंचाना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ ने कहा कि "शहर की स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने



वाली सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन, नगर निगम और समाज के सभी वर्ग मिलकर यदि कार्य करें तो रुड़की को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। महा स्वच्छता अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। हमें विश्वास है कि नागरिकों के सहयोग से रुड़की नगर प्रदेश में एक आदर्श मॉडल सिटी के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**लंढौरा।** शुक्रवार को मंगलौर मार्ग पर घोड़ा बोग्गी और ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर सड़क किनारे बैठी 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुरकाजी निवासी 58 वर्षीय छोटी भीख मांगे का काम करती थी। शुक्रवार को वह पांच साल की बच्ची के साथ लंढौरा में मंगलौर मार्ग पर पीएनबी शाखा के पास सड़क किनारे बैठ कर भीख मांग रही थी। बताया गया है कि इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली ने घोड़ा बोग्गी में में साइड मार दी। घोड़ा बोग्गी के पलटने से सड़क किनारे बैठी महिला उसकी चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पांच साल की बच्ची को भी हल्की चोट आई है। घटना को अंजाम देने के बाद टैक्टर टॉली और घोड़ा बोग्गी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गए। दारोगा बलवंत पंवार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लक्सर विधायक ने किया कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल का उद्घाटन

## हर वर्ग-क्षेत्र में कराया जा रहा है विकास : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधायक मोहम्मद शहजाद  ने क्षेत्र की भीक्कमपुर जीतपुर ग्राम पंचायत में 22 लाख रुपए से बनी कब्रिस्तान की बाउंड्री का उद्घाटन किया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के द्वारा बताया गया कि लोगों की मांग पर लक्सर विधानसभा क्षेत्र मे सार्वजनिक काम किये जा रहे हैं उन्होंने कहा सर्व समाज ने कहा था कि भीक्कमपुर जीतपुर में कब्रिस्तान की बाउंड्री बना दी जाए जिससे बराबर वाले को कभी भी कोई परेशानी ना हो उनकी मांग पर भीक्कमपुर में 22 लाख रुपए से कब्रिस्तान की बाउंड्री का निर्माण किया गया है जो सभी के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा जो भी बचे



हुए कार्य है उनको भी लगातार किया जा रहा है किसी को भी अपने क्षेत्र में काम के लिए निराश नहीं होने दिया जाएगा। विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में हर वर्ग में बिना भेदभाव विकास कार्य कर रहे हैं कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल हो या मंदिरों की बाउंड्री  हो सबको साथ लेकर चल रहे हैं वहीं क्षेत्र में सड़कों का भी जाल बिछाया जा रहा है उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। और क्षेत्र के विकास के लिए ही पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। बाउंड्री वॉल के उद्घाटन के लिए जैसे ही गांव में पहुंचे तो सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शहजाद विधायक का जोरदार स्वागत किया।

## खेतों से किसानों के नलकूपों के विद्युत उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम डेलना में गुरुवार रात्रि किसानों के खेतों से नलकूपों से विद्युत उपकरण चोरी कर लिए गए।

ग्राम डेलना निवासी डॉक्टर राज सिंह भूरा सिंह लाहौर सिंह भवँर सिंह लोकेश कुमार सुरेश कुमार आदि ने बताया कि उनके तथा कुछ अन्य किसानों के खेतों में स्थित नलकूपों से गुरुवार रात्रि के समय किन्हीं चोरों द्वारा विद्युत उपकरण विद्युत केबल स्टार आदि चोरी कर लिए गए। उक्त किसानों का कहना है कि बार-बार उनके खेतों में स्थित नलकूपों से विद्युत उपकरण चोरी होने से गांव के सभी किसान परेशान हो गए हैं। कई बार पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन कोई लाभ नहीं हो पा रहा है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि किसानों के नलकूपों से विद्युत उपकरण चोरी करने वाले चोरों का शीघ्र पता लगाकर  उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आमजन के लिए  जी का जंजाल बना लक्सर रेलवे क्रॉसिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर को रुड़की से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बहादरपुर फाटक के पास हरिद्वार लक्सर रेलवे लाईन पर बना रेलवे क्रॉसिंग आजकल राहगीरों के बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है ।यह रेलवे क्रॉसिंग घन्टो बंद पड़ा रहता है इस रेलवे लाइन से 24 घण्टे में करीब आने जाने में 60 से ज्यादा रेलगाडी गुजरती है जिनमे से ज्यादातर गाड़िया बाईपास से होकर गुजरती है जिसके चलते रेलवे क्रॉसिंग को



बहुत पहले बंद कर दिया जाता है आम जनता को पहले से बंद गाड़ियों को गुजरने का इंतजार करना पड़ता है और लोग आधा एक घंटा खड़े रहते हैं कोई बीमार हो या मजबूर सभी को ट्रेन गुजरने का इंतजार रहता है अगर इसी तरह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े तो कुछ केस बहुत ज्यादा सीरियस भी होते हैं जो अपने बीमार को रुड़की ले जाना चाहते हैं लेकिन फाटक ज्यादा देर बंद होने से लोग बहुत ज्यादा परेशान हो जाए सरकार को ईश फाटक पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे आमजन अपने जरूरी काम के लिए रुड़की आ जा सके

## लंढौरा में रुड़की-लक्सर मार्ग पर घंटों लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शुक्रवार की दोपहर लंढौरा में करीब दो घंटे तक जाम लगा रहने से लोगों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि साप्ताहिक पीठ ठेकेदार व दुकानदारों की मनमानी के चलते सड़क किनारे दुकान लगाने के कारण शुक्रवार के दिन अक्सर जाम लग जाता है। लंढौरा में शुक्रवार की दोपहर कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग पर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान रुड़की लक्सर, मंगलौर, गाधारौना और जौरासी मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। लोगों का कहना है कि दोपहर करीब 12 बजे जाम लगने लगा था। जो 2 बजे तक लगा रहा। दो घंटे तक जाम में फंसे रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, दुकानदार रविकान्त धीमान, तौसीफ, वरुण अग्रवाल , हसीन हैदर, अमित गिरी, फारूक, सद्दाम, नौशाद आदि का कहना है कि शुक्रवार को साप्ताहिक पीठ में आने वाले दुकानदारों द्वारा सड़क से हटाकर दुकान लगाने के कारण अक्सर जाम लग जाता है। लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन मार्ग पर फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया गया अतिक्रमण भी जाम लगने में मददगार साबित होता है। नगर पंचायत ईओ हेमंत गुप्ता का कहना है कि समय समय पर दुकानदारों को चेतावनी दी जाती रहती है। शुक्रवार को लगने वाले जाम के संबंध में उन्होंने पीठ ठेकेदार को सख्त हिदायत देने की बात कही।

## कांग्रेसियों में मनरेगा बदलने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर गांव राकेश शर्मा के आवास पर  कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मनरेगा बचाव को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया है कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हिंदू मुस्लिम राजनीति करती है  मनरेगाका नाम बदलने से किसी को भी ऐतराज नहीं है लेकिन उनकी नियत पर शक है कि यह लोग मनरेगा को खत्म कर रहे हैं उन्होंने कहा कांग्रेस ने इस योजना की शुरुआत की थी  इसीलिए कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर गांव से विधानसभासंसद तक मनरेगा बचाओ प्रदर्शन करेगी जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी ने कहा कि इस तरह से यह डबल इंजन के सरकार लोगों को गुमराह कर रही है इस सरकार पर बाणगंगा सोलानी नदी बांध कांग्रेस के द्वारा बांध बनाया गया था उसकी मरम्मत भीनहीं हुई है और मनरेगा योजना को बंद करने के फिराक में लगी हुई है उन्होंनेकहा कि विधानसभा में जो चुनाव लड़ेगा वह लक्सर विधानसभा का ही होगा।

## न्यायालय से फरार वारंटी दबोचा

**झबरेड़ा।** काफी समय से वांछित चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम सुसाडी  निवासी प्रदीप कुमार काफी समय से मारपीट व धोखाधड़ी के मामलों में काफी समय से वांछित चल रहा था ।न्यायालय द्वारा उक्त के खिलाफ गैर जमानती वारंट के साथ-साथ कुर्की वारंट भी जारी किया गया था। पुलिस द्वारा गुरुवार रात्रि उक्त के घर ग्राम सु साड़ी में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### लंढौरा चेयरमैन ने अधीक्षण अभियंता से की

## 250 केवी के ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर लंढौरा में कम वोल्टेज के चलते अतिरिक्त लोड पड़ने पर आए दिन फूंक रहे कम ट्रांसफार्मरों को बदलकर उनकी जगह 250 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने शुक्रवार को विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर दिए मांग पत्र में बताया कि लंढौरा में अधिकांश जगहों पर 25 ज्ञट व 100 ज्ञट के ट्रांस्फार्मर लगे हुए हैं। जिनके कारण कस्बे में विद्युत सप्लाई में बहुत कम वॉल्टेज आ रहे है। कम वॉल्टेज होने से ट्रास्फार्मर अतिरिक्त लोड होने के कारण बार-बार फूंक कर खराब हो जाते है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रास्फार्मरों के कम वॉल्टेज देने के कारण लोगों के पीने हेतु पानी भरने पशुओ के लिए चारा कटान के कार्य नही हो पा रहे है साथ ही घर में लगे उपकरण भी कम वॉल्टेज से खराब हो रहे है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगामी गर्मियों व रमजान माह को देखते



हुए पुराने ट्रांसफार्मरों की जगह 250 केवी के ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। अधीक्षण अभियंता ने उन्हें जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## डायट में जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की, हरिद्वार उत्तराखंड) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रुड़की के सभागार में तीन दिवसीय जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य मेराज अहमद ने किया।

जानकारी के अनुसार रुड़की के सभागार में तीन दिवसीय जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। रुड़की के सभागार में तीन दिवसीय जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा समाज के विकास में जेंडर समानांता का होना अति आवश्यक है क्योंकि समाज के विकास में महिला एवं पुरुष का समान योगदान रहता है। कार्यशाला में डॉक्टर गरिमा डागर, कविता वर्मा (कार्यक्रम समन्वयक )एवं प्रेरणा बहुगुणा ने उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को प्रशिक्षण देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला की प्रथम दिन जेंडर एवं लिंग की अवधारणा, समाजीकरण में परिवार एवं



विद्यालय की भूमिका पर पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला में प्रकाश चंद्र कुलासरी, डॉक्टर कमल कांत बरूआ, सतवीर पांचाल, प्रदीप कुमार, आलोक पवार, संध्या पाल, आलोक द्विवेदी एवं सपना रानी आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**शनिवार, 7 फरवरी 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# बढ़ा समय

शुक्रवार को उप्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि अब दस अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। जोकि पहले 6 मार्च को होनी थी। उनका कहना था कि ऐसा मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस तरह दावा–आपत्ति की अवधि एक माह बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया है। वहीं मैपिंग से जुड़े सभी कार्यों की प्रक्रिया 27 मार्च तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। रिनवा के अनुसार मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा–आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। अब तक फार्म 7 के कुल 82 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फार्म 6 के अनुसार 37 लाख 80 हजार 414 आवेदन आए हैं। फार्म 6 के आवेदन लगातार बढ़ने की बात भी उन्होंने कही है। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगति थी और इन्हीं के कारण उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और अब इन्हीं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। रिनवा ने यह भी बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट हो गए हैं, इनमें से 86 लाख मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है। एसआईआर का काम पूरे जोरो–शोरों से चल रहा है, लेकिन साथ–साथ विवाद भी चल रहा है। जहां चुनाव आयोग बराबर दावा कर रहा है कि कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं तमाम विपक्षी नेता चुनाव आयोग की नीयत पर संदेह जता रहे हैं और वह साफ कह रहे हैं कि एसआईआर का असली मकसद नाम जोड़ना नहीं बल्कि नामों में कटौती करना है। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि कोई भी पक्ष इस संबंध में अपने स्टैंड से पीछे हटता दिखाई नहीं दे रहा है। तमाम विपक्षी नेता जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी जैसे नाम शामिल हैं, खुलकर चुनाव आयोग की आलोचना कर रहे हैं और उसको भाजपा का एजेंट तक कह रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की सेहत पर किसी तरह का कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वह अपने काम को अपने तरीके से आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि मतदाताओं की जो लिस्ट बने वह पारदर्शी और निष्पक्ष हो और उसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखाई देना चाहिए, तो वहीं चुनाव आयोग का यह भी दायित्व बनता है कि वह सत्ता पक्ष व विपक्ष को समान रूप से साथ लेकर आगे बढ़े। अगर एक पक्ष को उस पर विश्वास नहीं होगा, तो फिर चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा और जब सवाल उठेंगे तो लोगों के मन में भी संशय पैदा होगा। ऐसे में यह काम मनमानी से नहीं बल्कि सहमति के आधार पर होना चाहिए।

## ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर



फिल्म घूसखोर पंडित में पंडित शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद दुखद और चिंताजनक है, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है, फिल्म में पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है, इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता, बसपा इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है, ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून–व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है।

**–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस



**पवन सिंह**



भारतीय न्यूज चैनलों का भविष्य क्या दांव पर लग चुका है? बड़ी संख्या में न्यूज चैनलों से दर्शक विमुख हुए हैं। तमाम दर्शकों ने विगत कुछ सालों से न्यूज चैनलों को आंख तक नहीं लगाया है। मात्र 25 सालों में ही न्यूज चैनल अपनी विश्वसनीयता और अपना विशालकाय दर्शक वर्ग खो देंगे, ऐसा नहीं सोचा गया था लेकिन यह हो चुका है। न्यूज चैनल्स के दर्शक अब सिरे से गायब हो चुके हैं। इसका बहुत बड़ा कारण है चौनलों का जनसरोक. ारी खबरों से दूर होना और पूरा दिन सांप्रदायिक बहसों को हवा देना। दरअसल, भारतीय चैनल्स एक्सपो हो चुके हैं और यह प्रकृति का नियम है कि जो एक बार एक्सपोज हो जाता है वह हमेशा के लिए हाशिए पर चला जाता है। विश्वसनीयता का धूलधूसरित होना न्यूज चैनलों के विनाश का प्रमुख कारण बन रहा है। एक उदाहरण देना चाहूंगा जैसे ही दिल्ली के एक बड़े हिंदी न्यूज चैनल को एक विशालकाय उद्योगपति ने टेक ओवर किया, उसके कुछ ही महीनों बाद चैनल का एक बड़ा दर्शक वर्ग उस चैनल से भाग खड़ा हुआ। अब हुआ यह कि चैनल संचालक जनता से दूर हटे और जनता उनसे दूर हुई। आप न्यूज चैनल तो खोल सकते हैं, लेकिन दर्शक वर्ग किसी भी कीमत पर नहीं ला सकते। आज हालात यह हो चले हैं कि तमाम न्यूज चैनलों ने अपने–अपने ब्राड कास्टिंग लाइसेंस सेरेंडर करने आरंभ कर दिए हैं। यह सब मात्र ढाई दशकों में ही देखने को मिलेगा ऐसा नहीं सोचा था। देश में विगत तीन वर्षों में करीब 50 टीवी चैनलों ने अपने ब्रॉडकास्टिंग लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।

लगातार एक ही तरह की प्रायोजित और एक तरफा खबरों से उकताए दर्शकों का एक बड़ा वर्ग डिजिटल व OTT प्लेटफॉर्म्स की ओर जा चुका है। इसके बाद चैनल आपरेटरों को दूसरा झटका गिरते विज्ञापन राजस्व, उच्च परिचालन लागत और बाजार की बदलती हुई स्थितियों ने दिया। परिचालन लागत ज्यादा हुई व विज्ञापन राजस्व कम हुआ। साथ ही दर्शक वर्ग गायब और कम दर्शकों के कारण विज्ञापन दाता कंपनियों द्वारा हाथ खींचना या विज्ञापन दरें कम कर देना, एक बड़ा कारण रहा। यह असर इंटरनेट चौनलों पर भी देखा जा रहा है। देश में DTH ग्राहकों में भी लगातार भारी गिरावट होती जा रही है। भारत में DTH ग्राहकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2019–20 में 72 मिलियन से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 62 मिलियन रह गई। यह संख्या लगातार तेजी से घटती जा रही है। विगत वर्षों में जिन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स ने अपने–अपने लाइसेंस सरेंडर किए हैं उनमें–JioStar, Zee Entertainment, Eenadu Television, TV Today Network, NDTV और ABP छमजूवता के नाम शामिल हैं जिन्होंने अपने कई चैनलों के लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार Culver Ma Entertainment यानी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भी 26 डाउनलिंकिंग अनुमतियां सरेंडर की हैं। ABPNetwork ने उच्च लागत के कारण ABPNews HD बंद कर दिया और NDTV ने अपने प्रस्तावित NDTV Gujarati चैनल का लाइसेंस वापस कर दिया। न्यूज चैनल्स जो कभी धड़ाधड़ प्रादेशिक न्यूज चैनल्स खोल रहे थे वह सब के सब धीरे–धीरे बंद होते चले गए। सबसे ज्यादा प्रादेशिक चैनल्स बंद हुए। मेरे एक पत्रकार साथी ने 2016 में बातचीत में कहा था कि एक दिन लाल किले के पीछे बाजार में न्यूज चैनलों के कैमरे और आईडी किलो में बिकेंगी। वह बात आज सच साबित हो रही है। जो न्यूज चैनल्स जिंदा भी हैं उनको विभिन्न राज्यों के सूचना विभाग और दिल्ली की मिनिस्ट्री आफ ब्राड कास्टिंग ने वेंटीलेटर की सुविधा पर रख रखा है। नाम न खोलने की शर्त पर एक बड़ी कंपनी के सीईओ जो कि मेरे मित्र भी हैं, का कहना है–हर साल हमारी कंपनी का पब्लिसिटी बजट करीब 20 करोड़ का हुआ करता था, लेकिन जिस तरह से आम जनता की पर्चेजिंग पावर घटी है और निर्यात में दिक्कतें बढ़ी हैं, अब पब्लिसिटी बजट जारी रख पाना कठिन है। चीन से जबरदस्त चुनौती अलग से है। कमोबेश देश की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपना पब्लिसिटी बजट घटा दिया है और अब अपनी शर्तों पर विज्ञापन जारी कर रही हैं। उनके रेट पर विज्ञापन लेना हो तो आओ वरना चैनल के आफिस में बैठो। न्यूज चैनल्स के संदर्भ में हालात अभी और भी खराब होंगें। दर्शकों को बड़े पत्रकारों के यूट्यूब चैनल्स लुभाने लगे हैं। जहां संदर्भों के साथ और बिना किसी सेंसर शिप का कंटेंट हैं। कमेंट्स खुला है। सहमति–असहमति प्रगट करने की त्वरित सुविधा है। बहस का एक स्तर है। शाम छह बजे से आठ बजे तक स्टूडियो में बेमतलब के विषयों पर मुर्गे–मुर्गियां लड़ाने की परंपरा नहीं है। इंटरटेनमेंट के लिए तमाम ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और तात्कालिक न्यूज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। इधर चैनलों की महंगी विज्ञापन दरों की काट देश के कुछ सूचना विभागों ने निकाल ही है। वे कम लागत में एलईडी वैन पर गांव–गांव व सुदूर कस्बों तक सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक कनेक्ट करने में सफल हो रहे हैं। जहां विज्ञापन की अवधि और उस बढ़ी अवधि के हिसाब से दरों के बढ़ने का डर नहीं है। एलईडी वैन की जीपीएस से मानीटरिंग हो रही है।

कम लागत और सीधे जनता से कनेक्टिविटी का यह प्रयोग छोटे राज्यों में धीरे–धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत में न्यूज चैनल्स की शुरुआत औपचारिक रूप से 1965 में दूरदर्शन से हुई थी। 1965 में दूरदर्शन पर मात्र 5 मिनट का पहला नियमित समाचार बुलेटिन प्रतिमा पुरी द्वारा पढ़ा गया था। इसके बाद दूरदर्शन न्यूज का एक लंबा युग चला। प्रादेशिक समाचार प्रसारण भी आरंभ हुए। वर्ष, 1991 में जब खाड़ी युद्ध आरंभ हुआ और CNN जैसे विदेशी चैनल्स ने कवरेज दी तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। भारत में 1992 में पहला प्राइवेट ब्रॉडकास्टिंग न्यूज चैनल जी न्यूज आया और फिर आज तक। सैटेलाइट टीवी के आने के बाद बहुत कुछ बदला। वर्ष, 1999 में आज तक डीडी से हटा और 24 घंटे का स्वतंत्र चैनल बना। 2000 के बाद तमाम न्यूज चैनल्स आए और 2025 के अंत तक आते–आते अब सरेंडर युग की ओर जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन: आल्पस में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है–आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे–छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे–छोटे भूकंप कभी–कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे–छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस–पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**–स्रोत फीचर्स**

# आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने–माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।





परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**– जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस–किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में–जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में–जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**– उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार–बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी–कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है।

ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

**–साभार एस.एफ**

# मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका

## पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्सकी ने किया दावा, कहा: भारतीय पीएम ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई

**वाशिंगटन।** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमले से रोका था।

बार्टोशेव्स्की ने एक समाचार एजेंसीके साथ बातचीत में भारत के साथ पोलैंड के सौहार्दपूर्ण संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हम दुनिया में भारत की भूमिका को स्वीकार करते हैं। फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। बार्टोशव्स्की ने कहा, जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर



■ जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि पीएम मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी: बार्टोशेव्स्की

पुतिन से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करने से रोका था। यह एक सकारात्मक भूमिका थी जो प्रधानमंत्री मोदी ने निभाई। भारत दुनिया के मामलों में सकारात्मक भूमिका निभाता है और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। पीएम मोदी के पोलैंड दौरे को याद करते हुए बार्टोशेव्स्की ने कहा, हमने 2024 में पीएम मोदी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब वह भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर पोलैंड आए थे। वह 45 साल में हमारे देश आने वाले वो भारत के पहले पीएम थे। यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। उन्होंने आगे कहा, अब हमने ईयू के साथ विदेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम भी इसका हिस्सा हैं। मैं अभी विदेश मंत्रालय से लौटा हूं, जहां हमने सैन्य सहयोग, डिजिटल उद्योग सहयोग, सुरक्षा मुद्दे, हाई-टेक में आईटी निवेश, अंतरिक्ष में सहयोग और अन्य चीजों से जुड़े कई व्यावहारिक कदमों पर चर्चा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के साथ ज्यादा फायदेमंद व्यापार समझौता किया है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बहुत बड़ी आर्थिक शक्ति है। आप अब दुनिया में जीडीपी के मामले में चौथे नंबर पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने यह साफ कर दिया है कि आपका लक्ष्य बहुत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनना है। भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। लगभग डेढ़ अरब लोग यहां रहते हैं और इस वजह से भी यह एक बहुत ही उन्नत बाजार है।

# रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर जानलेवा हमला

**मॉस्को।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेएव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को 'हत्या के प्रयास' का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेएव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिकारी के पद पर तैनात हैं।



**पुलवामा। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादिशें की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी निगरानी करते हुए।**

# सिंगापुर शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का कर रहा है मूल्यांकन

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थाई निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की

# बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। ये कर्मचारी नौवें नेशनल पे स्केल को लागू करने की मांग कर रहे थे। ये झड़प मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास 'जमुना' के बाहर हुआ। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आम चुनाव में सिर्फ छह दिन बचे हैं। अगस्त 2024 में हुई हिंसा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था और वे भारत चली गई थीं। इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक केयरटेकर सरकार बनाई गई थी। शुक्रवार सुबह देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रदर्शनकारी शहीद मीनार पर जमा हुए और वहां से जमुना की ओर मार्च करने लगे। वे नौवें नेशनल पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर गजट तुरंत जारी करने और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि पेट में चावल नहीं है, तो मुंह में विकास किस बात का। करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग इलाके में लगाए गए पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस, साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया।

# अमेरिकियों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

## वर्चुअल एंबेसी बोली: मदद का इंतजार करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर बातचीत जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्राा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें।

मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।

यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। जनवरी की शुरूआत में बढ़ती महंगाई के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी ईरान की सड़कों पर उतर आए। ईरान में तनाव बना हुआ है। अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टाक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएसै एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मायूएसयता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है। रूटीन कांसुलर सेवाएं बंद हैं और हालात में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे, इसलिए अमेरिकी नागरिकों से खुद ही सुरक्षित निकलने की ठोस योजना बनाने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह भी दी गई है, जैसे प्रदर्शनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, फोन हमेशा चार्ज रखें, परिवार से संपर्क बनाए रखें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखकर हालात की जानकारी लेते रहें। हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्राकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उयूएसहोंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उयूएसहोंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।



■ यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी

## ईरान ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

■ 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल को सैन्य अड्डे पर तैनात कर किया तैनात

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। इसकी तैनाती को ईरान की रक्षा नीति में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का संकेत माना जा रहा है। प्रेस टीवी के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर (करीब 1200 मील) है और यह 1500 किलोग्राम (लगभग 3300 पाउंड) तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता। अल मायादीन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान 'अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध नहीं चाहता कि लेकिन यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# अफगान तालिबान ने आतंकी समूहों की सहायता वाले आरोपों को किया खारिज

**काबुल।** अफगान तालिबान ने अफगानिस्तान में सक्रिय विदेशी आतंकवादी समूहों को किसी भी प्रकार की सहायता देने के आरोपों को खारिज कर दिया। उसने आरोप लगाया कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने पड़ोसी देशों में ठिकाने स्थापित किए हैं, जो पाकिस्तान की ओर एक अप्रत्यक्ष इशारा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई देशों द्वारा तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से कथित आतंकवादी गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान सुरक्षित है और इस्लामी अमीरात में कोई विदेशी या दुष्ट समूह मौजूद नहीं है। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की हार का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इस आतंकी समूह ने हमारे पड़ोसी देशों में अपने ठिकाने बना लिए हैं। मुजाहिद ने देशों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि ये चिंताएं संयुक्त राष्ट्र में तालिबान के प्रतिनिधित्व की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि उन्होंने किसी भी पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया, जहां उनके अनुसार इस्लामिक स्टेट खोरासान ने कथित तौर पर शरण ली थी लेकिन तालिबान अधिकारियों ने एक से अधिक बार पाकिस्तान पर इस्लामिक स्टेट के गुर्गों को पनाह देने, सहायता करने, प्रशिक्षण देने एवं वित्तपोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में, संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी, अलेक्जेंडर जुएव ने चेतावनी दी कि इस्लामिक अमीरात में आईएस-केपी क्षेत्र और उससे परे दोनों जगह सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, जो तालिबान द्वारा बार-बार किए गए उन दावों के विपरीत है कि उसने देश के भीतर इसे हरा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट का खतरा लगातार बना हुआ है और इसके लिए तत्काल समन्वित अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है।

■ पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने तालिबान पर आतंकी समूहों की सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया था

# अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को '**Worst of the Worst**' यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है।

यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है। विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है। वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चियूिएसहत किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उयूएसहोंने क्या अपराध किए और उयूएसहें किन इलाकों से हटाया गया।

# मैंडेलसन की नियुक्ति पर स्टारमर ने सार्वजनिक मांगी माफी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के कथित संबंधों को लेकर विवाद गहराने के बाद स्टारमर ने यह कदम उठाया। स्टारमर ने फरवरी 2025 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त किया था। बाद में एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर उठे विवाद के बीच सितम्बर में उन्हें पद से हटा दिया गया। रविवार को मैंडेलसन ने लेबर पार्टी से अपने इस्तीफे की भी घोषणा की। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टारमर ने कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों ने न्याय में देरी और जवाबदेही से वंचित होने का अनुभव किया है


# कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा: शहबाज

## पाकिस्तानी पीएम बोले: कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए।

शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्रा को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रा में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सालिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्राक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है। शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक समर्थन की बात दोहराई।

■ पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था



# तारिक रहमान आठ को बीएनपी की रैली को करेंगे संबोधित

**ढाका।** बंगलादेश में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आठ फरवरी को ढाका के नयापल्टन इलाके में पार्टी की अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है, जिसमें रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पार्टी के नयापल्टन केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को यह जानकारी दी। रिजवी ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और ढाका और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से बीएनपी के उम्मीदवार रैली में शामिल होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर से मिले सब को अमल में लाने की जरूरत: एयर मार्शल मिश्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है।

कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, 'सेंसर-टू-शूटर' संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के 'ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस' अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संचालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संचालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक 'इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस' ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णत: एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

# मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिये जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संदिग्धों को 'मोनिटम' नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। तुर्की के सरकारी समाचार चैनल टीआरटी की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजरायली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों के साथ सामाजिक और व्यावसायिक संपर्क स्थापित किये और फिर खुफिया जानकारियां एकत्र की। उन्होंने व्यक्तियों, स्थानों और नेटवर्क से संबंधित जानकारी इजरायली खुफिया एजेंसी को पहुंचाई। सुरक्षा स्रोतों के हवाले से टीआरटी ने बताया कि संदिग्धों में से एक ने कई यूरोपीय देशों में मोसाद के कई एजेंटों के साथ बैठकें की थीं। उस पर गाजा में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त करने की कोशिश करने का भी आरोप है, जहां उसने कथित तौर पर गोदाम के लिए रेकी की और उनकी तस्वीरें इजरायली खुफिया विभाग को भेजीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया जारी रहने तक दोनों संदिग्ध हिरासत में रहेंगे।





